संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, शनिवार, 27 मई 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 17 अंक: 143 पृष्ठ: 10    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय उड्डयन मंत्री व यूपी के सीएम योगी कानपुर एयरपोर्ट मॉडल को देखते हुए।

# नए संसद भवन पर मची रार

## सुप्रीम कोर्ट ने संसद के इनॉग्रेशन पर याचिका नहीं सुनी, याचिकाकर्ता ने पिटीशन वापस ली, कहा- हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए नहीं जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए** संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से करवाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं सुनी। जैसे ही याचिकाकर्ता एडवोकेट जया सुकिन ने दलीलें देनी शुरू कीं, वैसे ही कोर्ट ने कहा- समझ में नहीं आता आप लोग ऐसी याचिका लाते ही क्यों हैं? इसमें आपका क्या इंटरेस्ट है? इसके बाद याचिकाकर्ता एडवोकेट जया सुकिन ने पिटीशन वापस लेने की इजाजत मांगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल एसजी मेहता ने कहा कि याचिका वापस लेने के बाद ये हाईकोर्ट भी जा सकते हैं। इस ऐतराज पर कोर्ट ने जया सुकिन से सवाल कि अगर आप हाईकोर्ट जाना चाहते हैं तो हम याचिका रद्द कर देंगे। इस पर सुकिन ने कहा- मैं हाईकोर्ट भी नहीं जाऊंगा। मैं नहीं



चाहता याचिका रद्द हो, वरना सरकार को ऐसे इनॉग्रेशन का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। सुकिन ने यह याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति को इनॉग्रेशन में न बुलाकर संविधान का उल्लंघन किया है। इनॉग्रेशन राष्ट्रपति ही करें।

**याचिकाकर्ता ने कहा- राष्ट्रपति प्रथम नागरिक, सारे काम उन्हीं के नाम पर होते हैं:** एडवोकेट जया सुकिन ने याचिका में कहा-18 मई को लोकसभा सचिवालय की ओर से बताया गया था कि नए संसद का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। संसद राष्ट्रपति और संसद के दोनों सदनों से मिलकर बनती है। राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक होता है।

### कांग्रेस ने सेंगोल को 'वॉकिंग स्टिक' समझा: शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने सेंगोल के विरोध को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को ट्वीट किया- कांग्रेस पार्टी भारतीय परम्पराओं और संस्कृति से इतनी नफरत क्यों करती है? पंडित नेहरू को तमिलनाडु के एक पवित्र शैव मठ द्वारा भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में पवित्र सेंगोल दिया गया था। कांग्रेस ने इसे 'वॉकिंग स्टिक' समझकर एक संग्रहालय में भेज दिया। कांग्रेस इतिहास को गलत बता रही है। कांग्रेस को अपनी सोच पर मंथन करने की जरूरत है।

### सेंगोल पर भाजपा के दावे झूठ: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई** संसद के इनॉगरेशन में अब 2 दिन बचे हैं, लेकिन इसे लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने आ गई हैं। सेंगोल (राजदंड) पर भाजपा के दावों को कांग्रेस ने झूठा करार दिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि ऐसा कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि सेंगोल (राजदंड) को सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर आजादी के समय नेहरू को इसे सौंपा था। इससे जुड़े सभी दावे गलत हैं। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेसियों ने सेंगोल को वॉकिंग स्टिक समझा और संग्रहालय में भेज दिया था। पीएम मोदी नई संसद के इनॉगरेशन के वक्त 75 रुपए का सिक्का भी जारी करेंगे। 14 अगस्त 1947 की रात थिरुवदुथुरै अधीनम के प्रतिनिधि श्री ला श्री कुमारस्वामी थम्बिरन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को सुनहरा राजदंड भेंट किया था।



इस फोटो को दो दिन पहले भाजपा ने जारी किया।

**जयराम रमेश ने कहा- वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी से झूठ फैलाया जा रहा:** जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा है- इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि नई संसद को वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी से मिले ज्ञान से दूषित किया जा रहा है। बीजेपी-फ्रर बिना सबूत के तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

## केरल: अस्पतालों में तैनात होगी इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स



**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**
**केरल** के कोल्लम में मेडिकल के लिए लाए गए आरोपी ने एक ड्यूटी डॉक्टर डॉ. वंदना दास की हत्या कर दी थी। इस केस के बाद केरल सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सरकारी अस्पतालों में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात करने का फैसला किया है। सरकार ने केरल हाईकोर्ट में दायर हलफनामे में बताया है कि स्वास्थ्य विभाग यह तय करेगा कि किन अस्पतालों को फोर्स की जरूरत होगी। प्राइवेट हॉस्पिटल में भी सीआईएसएफ तैनात होगी, लेकिन खर्चा हॉस्पिटल उठाएगा। गौरतलब है कि कोट्टारक्कारा पुलिस संदीप नाम के आरोपी के पैर में लगी चोट की ड्रेसिंग करवाने पहुंची थी। तभी उसने हाउस सर्जन डॉ. वंदना दास को टेबल पर पड़ी कैंची और चाकू मार दी।

## मणिपुर में विदेश राज्यमंत्री के घर भीड़ का हमला



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार रात गुस्साई भीड़ ने केंद्रीय विदेश और शिक्षा राज्यमंत्री आरके रंजन सिंह के कोन्बा नन्देईबाम लेइकाई गांव स्थित घर पर हमला कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हमले के वक्त मंत्री अपने घर में मौजूद नहीं थे। सूत्रों के अनुसार मंत्री के घर हमला मैतेई समुदाय ने किया था। विदेश राज्य मंत्री सिंह भी मैतेई समुदाय से आते हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मणिपुर में दखल की मांग की थी। अब गृहमंत्री अमित शाह 29 मई से 1 जून तक मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम पहुंचे। यहां मणिपुर के 13 विधायक शाह से मिले। वहीं, शाह ने भी मणिपुर में लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## पंजाब बोर्ड 10वीं में तीनों टॉपर लड़कियां



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया। कुल रिजल्ट 97.54 फीसदी रहा। सरकारी स्कूलों का पास फीसदी 97.76 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 97 प्रतिशत रहा। फरीदकोट की गगनदीप कौर ने 650 में से 650 अंक यानि 100 फीसदी अंक लेकर टॉप किया है। फरीदकोट की ही नवजोत 648 नंबर लेकर दूसरे नंबर पर रही। जबकि मानसा की हरमनदीप 646 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। कुल 98.46 प्रतिशत लड़कियां और 96.73 फीसदी लड़के पास हुए हैं। इस परीक्षा में 2 लाख 81 हजार 327 स्टूडेंट्स बैठे थे। जिनमें से 2 लाख 74 हजार 400 पास हुए।

## 'धामी सरकार का रवैया लोगों को बसाने में कम उजाड़ने में ज्यादा है'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**आगामी** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती लगातार पार्टी की गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक करती हुई नजर आ रही हैं।
इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने उत्तराखंड राज्य में पार्टी संगठन की मजबूती और जनाधार को बढ़ाने की गहन समीक्षा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा है कि उत्तराखंड राज्य की वर्तमान सरकार लोगों को बसाने के लिए कम बल्कि उजाड़ने का जनविरोधी कार्य ज्यादा किया है। साथ ही, पर्यटन के विकास को लेकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अधिक होने के कारण पहाड़ी राज्य के लोग आपदाओं आदि से दुखी एवं परेशान है।

## नीति आयोग की बैठक में नहीं जाएंगे केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** की अध्यक्षता में शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने आने से इनकार कर दिया है। इनमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान और तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव शामिल हैं। तीनों मुख्यमंत्रियों ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामले में केंद्र सरकार के अध्यादेश लाने के विरोध में यह फैसला किया है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- केंद्र के अध्यादेश का पूरा देश विरोध कर रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि अगर प्रधानमंत्री जी सुप्रीम कोर्ट को भी नहीं मानते तो हम न्याय के लिए फिर कहां जाएंगे। जब खुलेआम संविधान का मजाक बनाया जा रहा हो तो मीटिंग में शामिल होने का कोई मतलब नहीं रह जाता। केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा कि पिछले कुछ सालों में गैर-भाजपा सरकारों को गिराया जा रहा है या काम नहीं करने दिया जा रहा। ये हमारे देश का विजन नहीं है।

**विरोध**
= केंद्र के अध्यादेश का पूरा देश विरोध कर रहा है। अगर प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट को भी नहीं मानते तो हम न्याय के लिए फिर कहां जाएंगे

## मोदी सरकार के 9 साल पर कांग्रेस ने पूछे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर 9 सवाल पूछे हैं। इसके लिए पार्टी ने '9 साल, 9 सवाल' नाम से एक डॉक्यूमेंट जारी किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी जी ने ये 9 सवाल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार उठाए। लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं मिला। अब समय आ गया है कि प्रधानमंत्री इन पर चुप्पी तोड़ें।

**दागे सवाल**
= कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी जी ने ये 9 सवाल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार उठाए

**इकोनॉमी:** ऐसा क्यों है कि भारत में महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है? अमीर और अमीर, गरीब और गरीब क्यों हो गए हैं?





आर्थिक असमानता बढ़ने के बावजूद पीएम मोदी के दोस्तों को सार्वजनिक संपत्ति क्यों बेची जा रही है?
**कृषि और किसान:** ऐसा क्यों है कि तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करते समय किसानों से किए गए समझौतों का सम्मान नहीं किया गया? एमएसपी की कानूनी गारंटी क्यों नहीं दी गई? पिछले 9 सालों में किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई?
**भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद:** आप अपने दोस्त अडाणी को फायदा पहुंचाने के लिए एलआईसी और एसबीआई में लोगों की कमाई को जोखिम में क्यों डाल रहे हैं? आप चोरों को भागने क्यों दे रहे हो? आप भाजपा शासित राज्यों में बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार पर चुप क्यों हैं।
**चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा:** ऐसा क्यों है कि चीन को लाल आंख दिखाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री ने उसे 2020 में क्लीन चिट दे दी, जबकि वह आज भी हमारी जमीन पर कब्जा करके बैठा है ?

## इस साल सामान्य रहेगा मानसून

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को अच्छी खबर दी। आईएमडी के डॉ. पीएस पई ने कहा कि अलनीनो कंडीशन के बावजूद इस साल मानसून सामान्य रहेगा। इसके 1 जून से पहले केरल पहुंचने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून 4 जून को केरल के तटों से टकराएगा। डॉ. डीएस पई ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अरब सागर में अगले सप्ताह किसी तूफान की संभावना नहीं है। अगर देश में सभी जगह बारिश सही हुई तो काफी अच्छा रहेगा।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक बनर्जी को राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाला केस में शुक्रवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में ईडी और सीबीआई की जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वहीं, कोलकाता हाई कोर्ट के 25 लाख के जुर्माने के फैसले पर रोक लगा दी। कोलकाता हाईकोर्ट ने 18 मई को जांच एजेंसियों को बनर्जी से पूछताछ की अनुमति दी थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और पीएस नरसिम्हा की वेकेशन बेंच ने कहा कि वे छुट्टियों के बाद इस मामले की सुनवाई करेंगे। उन्होंने सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है।
**20 मई को सीबीआई ने बनर्जी से 9 घंटे पूछताछ की थी:** मामले की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने 20 मई को बनर्जी को बुलाया था। उनसे 9 घंटे तक पूछताछ की गई थी। बनर्जी ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट से यह निर्देश देने की अपील की थी कि एजेंसी उनके खिलाफ कोई कठोर कदम न उठाए।



**सुनवाई हुई**    दिल्ली कोर्ट ने इजाजत दी, सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा था- सिर्फ एक साल के लिए दिया जाए

## राहुल गांधी को 3 साल के लिए मिलेगा नया पासपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल गांधी** अगले हफ्ते अमेरिका जा रहे हैं। 4 जून को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक पब्लिक रैली को संबोधित करेंगे। 24 मार्च को संसद सदस्यता रद्द होने के बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। राहुल गांधी को 3 साल के लिए नया पासपोर्ट मिलेगा। इस मामले पर दिल्ली की राउज एवेन्यु कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नया पासपोर्ट जारी करने की याचिका मंजूर कर ली है, लेकिन कहा है कि कोर्ट का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट केवल तीन



साल के लिए वैध होगा। मानहानि केस में संसद सदस्यता रद्द होने के बाद राहुल गांधी ने अपना डिप्लोमैटिक पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। उन्होंने नया पासपोर्ट जारी किए जाने की मांग की थी। सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि 10 साल के लिए पासपोर्ट देने की जरूरत क्या है? केवल एक साल के लिए पासपोर्ट दिया जाए। राहुल से जुड़े दूसरे मामलों पर विचार के बाद ही इस पर फैसला दिया जाना चाहिए।
**विरोध में सुब्रमण्यम स्वामी:** राहुल ने 10 साल के लिए वैध पासपोर्ट की मांग की है, यह मैक्सिमम है। लेकिन यह बहुत ही स्पेशल केस है। पासपोर्ट कोई मौलिक अधिकार नहीं है। राहुल के पास 10 साल के लिए पासपोर्ट मांगने की कोई जायज वजह नहीं है। केवल एक साल के लिए पासपोर्ट दिया जाना चाहिए और इसके बाद इसका रिव्यू होना चाहिए।

# हरियाणा सीएम के जनसंवाद को लेकर फिर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**हरियाणा** के सीएम मनोहर लाल खट्टर के महेंद्रगढ़ जिले में जनसंवाद पर फिर बवाल मच गया है। सीएम ने कल महेंद्रगढ़ के गांव सिहमा को उप तहसील का दर्जा देने की घोषणा की। इसका पता चलते ही गांव दोगड़ा अहीर के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वह शुक्रवार को सड़क पर उतर आए। उनका कहना है कि उनका गांव दोगड़ा अहीर सिहमा से बड़ा है, इसलिए उसे भी उप तहसील बनाया जाना चाहिए। खास बात यह है कि सीएम मनोहर रात को इसी दोगड़ा अहीर गांव में रुके हुए थे। गुस्साए ग्रामीणों ने सीएम के घेराव का ऐलान कर दिया। इलाके के विधायक उन्हें मनाने आए तो ग्रामीणों ने उनका भी जमकर विरोध कर बैरंग लौटा दिया। इसका पता चलते ही सीम सीएम ने दोगड़ा अहीर के लोगों को बातचीत के लिए बुलाया। जिसमें उन्होंने उप तहसील के लिए गांवों की फिजिबिलिटी रिपोर्ट को लेकर अधिकारियों पर ठीकरा फोड़ दिया।

**सीएम और ग्रामीणों में बनी सहमतिः**



इस मीटिंग में सीएम ने कहा कि अधिकारियों से सिहमा को उपतहसील बनाने संबंधी फिजिबिलिटी रिपोर्ट अधिकारियों से मांगी थी। अधिकारियों ने उनको सही फिजिबिलिटी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करवाई। उन्हें नहीं पता था कि दोगड़ा अहीर की भी ऐसी मांग है। अब वे दोनों गांव की फिजिबिलिटी रिपोर्ट मंगवाएंगे। जिस गांव की रिपोर्ट सही होगी, उसी को ही उपतहसील बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटेली विधानसभा में जब भी जनसंवाद कार्यक्रम होगा, वह इसकी घोषणा कर देंगे। जिसके बाद ग्रामीणों ने विरोध बंद कर दिया। इस मीटिंग में अटेली के विधायक सीताराम यादव भी मौजूद रहे। इसके बाद सीएम जनसंवाद कार्यक्रम के लिए नांगल सिरोही के लिए रवाना हो गए।

**8 उपतहसील ने बनाए जाने के विरोध के चलते गुरुवार रात को सीएम से गांव का कोई शख्स मिलने नहीं गया**

**ग्रामीण सीएम से मिलने नहीं गए:** उपतहसील ने बनाए जाने के विरोध के चलते गुरुवार रात को सीएम से गांव का कोई शख्स मिलने नहीं गया। शुक्रवार सुबह गांव के लोग और महिलाएं उनके प्रवास निवास के बाहर विरोध करने पहुंच गए। जहां पर मुख्यमंत्री ठहरे थे। महिलाओं ने चेतावनी दी थी कि मुख्यमंत्री के बाहर निकलते ही वे उनका घेराव करेंगे।

**माहौल तनावपूर्ण, भारी पुलिस बल तैनात:** वहीं तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मुख्यमंत्री के घेराव की सूचना मिलते ही सीआईडी आलोक मौके पर पहुंचे। पुलिस बल भी बुला लिया गया। महिलाओं की संख्या भी ज्यादा होने के कारण महिला पुलिस बल भी मौके पर बुला लिया गया। रढ विक्रांत भूषण पहले से प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे।

**आप ने कहा - यही होगा:** इस मामले में आम आदमी पार्टी भी कूद गई है। आप के सीनियर स्टेट वाइस प्रेजिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि अगर जनसंवाद में मुख्यमंत्री जनता की ही नहीं सुनेंगे तो ऐसा ही होगा।

**सिरसा में तीनों दिन हुआ विरोध:** इससे पहले सीएम मनोहर ने सिरसा में जनसंवाद किया था। यहां तीनों दिन उन्हें विरोध झेलना पड़ा। पहले किसानों ने सीएम के कार्यक्रम में घुसने की कोशिश की।
फिर आम आदमी पार्टी नेता को लेकर सीएम गुस्से में आ गए और उसे पीटकर बाहर निकालने को कहा। इसके बाद एक महिला सरपंच नैना झोरड़ ने अपना दुपट्टा सिर से उतारकर सीएम के पैरों में फेंक दिया। यह देख महिला पुलिसकर्मियों ने जबरन उसे पकड़कर स्टेज से नीचे उतारा।

# अध्यापकों-छात्रों को प्राथमिक उपचार के लिए किया जागरूक



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
शांतनु शर्मा उपायुक्त अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र के कुशल मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला सेंट जॉन शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा भारतीय रेड क्रास सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशनुसार तथा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से एक दिवसीय बेसिक प्राथमिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनडेरा में आयोजित करवाया गया। डाक्टर सुनील कुमार सचिव जिला रेडक्रास सोसाइटी ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्राथमिक सहायता की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम को शुरू करने की पहल की तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप ने भी इस कार्य क्रम को शीघ्र स्कूलों में आयोजित करवाने बारे कार्य योजना बनाई। कुमारी किरण कश्यप प्राथमिक सहायता प्रवक्ता ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को समय पर प्राथमिक उपचार की जानकारी दी।

# एस ए जैन विजय वल्लभ स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर स्थित एस ए जैन विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। अलंकरण समारोह का शुभारंभ नवकार मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। प्रधानाचार्या डा. रूचिका भूटानी ने समारोह को संबोधित किया और कहा जिस तरह देश का संचालन संसद द्वारा किया जाता है उसी तरह विद्यालय को संचालित करने के लिए असेंबली की जरूरत पड़ती है, इस अवसर पर कौंसिल के सभी सदस्यों को सेशेष पहनाकर और फ़्लैग देकर अलंकृत भी किया गया। छात्र परिषद द्वारा हाथ में ध्वज लेकर मार्च पास्ट किया गया। हाथ में ध्वज लेकर चल रहे मार्च पास्ट में शामिल छात्र-छात्राओं ने मन मोह लिया।




विद्यालय की दसवीं कक्षा की हेड गर्ल के रूप में हरसिमरन और हेड बॉय के रूप में मास्टर यथार्थ वर्मा का चयन किया गया। अपने-अपने सदन के ध्वज के साथ अर्द्धवृत्ताकार घेरे में खड़े सदन के कप्तान, उपकप्तान, परफेक्टस, एवं अन्य सदस्य अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। क्रीडा कप्तान, उपकप्तान, अनुशासन कप्तान, सभी को सेशेष प्रदान किए गए। काउंसिल के सभी सदस्यों ने शपथ ग्रहण भी की। अलंकरण समारोह उस भरोसे और विश्वास को दशार्ता है जो स्कूल नए निवेशित पदाधिकारियों में प्रदान करता है।कार्यक्रम में नवनिर्वाचित चुने गए विद्यार्थियों ने स्कूल की बेहतरी के लिए ईमानदारी से काम करने का संकल्प लिया।
प्रधानाचार्या जी ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि संघर्ष का रास्ता कठिन है लेकिन इसी राह पर चलते हुए हम अपने व्यक्तित्व को निखारते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कर्तव्य निर्वहन तथा शैक्षिक लगन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मूल्यों को कायम रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि स्थिति के साथ खुद के प्रति जिम्मेदारी आती है उन्हें स्कूल और साथियों और संघर्षों से ऊंचाई हासिल करने में मदद मिलती है। स्कूल में आए अभिभावकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया जिससे वह राष्ट्र के उत्तम नागरिक बन सकें और कहा समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिएं।
कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या जी के मार्गदर्शन में किया गया। इसी तरह प्रधानाचार्या डॉ० रुचिका भूटानी जी के भाषण एवं राष्ट्रगान के साथ यह समारोह संपन्न हुआ।

# किसान छतिग्रस्त फसल का ब्योरा पोर्टल पर करवाएं दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि फसलों के खराबे से सम्बन्धित जो भी खराबा है उसे ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाना आवश्यक है। अम्बाला में पिछले दिनों बरसात के चलते जिन किसानों की फसलें खराब हुई थी उसकी वैरिफिकेशन करवाकर मुख्यालय भिजवा दी गई है। इस संबध में किसानों ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना खराबा भी दशार्या था। उन्होने यह भी बताया कि जिन किसानों की फसलें खराब होती हैं वे अपना ही नाम, खाता नम्बर, पंजीकृत मोबाईल नम्बर तथा बोई हुई फसल पोर्टल पर दर्ज करवाएं और किसी का नाम दर्ज न करवाएं। उन्होने कहा कि कई बार नाम दर्ज गल्त होने पर किसानों के साथ धोखाधड़ी या अन्य समस्या पैदा हो जाती है।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने सरकारी व निजी औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारियों के साथ की मीटिंग

**8 ट्रेनिंग प्राप्त करते हुए रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वरोजगार भी स्थापित कर सकें**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
डॉक्टर विवेक भारती अतिरिक्त उपायुक्त अंबाला शहर की अध्यक्षता में जिला अप्रेंटिसशिप आत्मनिर्भर कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई। इस मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त महोदय द्वारा सभी सरकारी विभागों एवं निजी औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को आईटीआई से पास आउट अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को अप्रेंटिस के रूप में नियुक्त करने बारे निर्देश देने के साथ-साथ आईटीआई में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे ट्रेनीज़ों को अधिक से अधिक उद्योगों के साथ जोड़ा जाने पर बल दिया ताकि आने वाले समय पर सभी ट्रेनीज बाजार मांग के अनुसार ट्रेनिंग प्राप्त करते हुए रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वरोजगार भी स्थापित कर सकें इस मीटिंग में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की तरफ से राम कुमार सैनी मेट्रो मोटर , गौरव सोनी जर्नल सचिव अंबाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, आलोक सूद ,डायरेक्टर शिव दयाल सूद एंड संस तथा महेंद्र शर्मा वर्क्स मैनेजर हरियाणा रोडवेज अंबाला, सतविंदर सिंह ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर कल्पना चावला राजकीय महिला





बहुतकनीकी अंबाला शहर , हितेश कुमार ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राजकीय बहुतकनीकी अंबाला शहर एवं रमेश कुमार उप पुलिस अधीक्षक पुलिस हेड क्वार्टर इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे राजकीय आईटीआई अंबाला शहर के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी भूपिंद्र सिंह सांगवान ने आज की मीटिंग के लिए उपायुक्त महोदय का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मीटिंग से सकारात्मक परिणाम निकलेंगे तथा अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से जुड़कर रोजगार प्राप्त करते हुए अप्रेंटिसशिप प्राप्त करेंगे इसके साथ साथ इस बात पर भी बल दिया कि सभी संबंधित अनुदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्यालबस अतिरिक्त भी बाजार मांग के अनुसार ट्रेनींजों की ट्रेनिंग करवाएं ताकि ट्रेनिंग को गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके और बच्चों की भविष्य को संवारा जा सके। इस मीटिंग के उपरांत विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ गौरव सोनी एवं आलोक सूद द्वारा द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर का दौरा किया गया।

# खैरी स्कूल के कृष और प्रिंस ने खंड स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में जीता ईनाम



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भारतीय रिजर्व बैंक के सौजन्य से खंड स्तरीय वितीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का आयोजन लाडवा स्कूल में किया गया। जिसमें प्रतिभागियों से लिखित परीक्षा के माध्यम से वितीय साक्षरता से संबंधित प्रश्न पूछे गए।राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी के दो छात्रों क्रिश कुमार( कक्षा 9) तथा प्रिंस कुमार (कक्षा 9) ने भाग लेकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।प्रत्येक विद्यार्थी को इनाम स्वरूप 2000 रुपये की राशि दी गयी जो डिजिटल माध्यम से इन विद्यार्थियों के खातों में जमा होगी।
विद्यालय आगमन पर इन छात्रों का स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी द्वारा स्वागत किया गया और आशीर्वाद स्वरूप उन्हें प्रार्थना सभा मे पुरस्कार वितरित किये गए। स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग एक डिजिटल युग है और हम सभी को आर्थिक लेन-देन के लिए डिजिटल माध्यम का ही उयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि खैरी का आदर्श संस्कृति स्कूल तथा इसके छात्र और सभी शिक्षक पहले से ही डिजिटल तकनीक के माध्यम से शिक्षण का कार्य करते है। इस अवसर पर उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने में सहयोग करने वाले शिक्षकों देवेंद्र कुमार ,श्रीमती संगीता तथा श्रीमती बेबी गोयल के प्रयासों की भी सराहना की।

# 2000 रुपए के नोट नॉट एक्सेप्टेबल के बैनर लगाएं

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
आरबीआई के 2000 के नोट बंद करने के फैसले के बाद अंबाला में व्यापारियों और शराब ठेकेदारों ने दुकानों के बाहर 2000 रुपए के नोट नॉट एक्सेप्टेबल के बैनर लगा दिए है। वही एसपी अंबाला ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई के आदेश जारी किए है। रिजर्व बैंक ने 2000 के नोटों को सितंबर 2023 से चलन से बाहर करने की घोषणा की है हालांकि अभी चलन में मौजूद 2000 के नोट वैध मुद्रा बने हुए है इन नोटों को 30 सितंबर तक बैंक में जमा करवा कर बदलवाया जा



सकता है। आरबीआई की घोषणा के बाद अंबाला में शराब के ठेकेदारों ने एक अलग ही फरमान जारी कर दिया है। शहर के कई शराब के ठेकों पर 2000 के नोट नहीं लिए जाएंगे ऐसा पोस्टर लगा दिया है! वही कई दुकानदार 2000 के नोट से सामान लेने पर सामान महंगा भी दे रहे है । ऐसे में लोगों का कहना है कि इस फैसले का हम स्वागत करते है लेकिन दुकानदारों को अभी ये नोट लेने चाहिए कई बार लोगों को इमरजेंसी में सामान लेना पड़ता है। इस मामले में एसपी जशनदीप सिंह रंधावा का कहना है कि अगर ऐसा कोई भी मामला उनके संज्ञान में आएगा तो नियम अनुसार उसके पर कार्रवाई की जाएगी और साथ में यह भी देखने को मिल रहा है कि व्यापारी 2000 के नोट लेने से सामान का दाम बढ़ा रहे हैं और दूसरी करेंसी देने से सामान का दाम कुछ और लगाया जा रहा है इस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज के दिशा-निर्देशन एव डॉ. साकेत कुमार महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा 21 जून को मनाए जाने वाले 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारिया प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अम्बाला में आयुष विभाग, शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग द्वारा प्रथम चरण में 25 से 27 मई 2023 तक पीटीआई/डीपीआई स्कूल अध्यापक योग संस्थान को जिला अंबाला के सभी 6 ब्लॉको में सुबह 6 से 7.30 अलग अलग



चयनित स्थानों में 3 दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण देंगे।
अतिरिक्त उपायुक्त अंबाला द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा लोगो को आहवान किया की वे ट्रैनिंग सेशन में आकर योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग लेकर योग को जीवन में अपनाए । इसी कड़ी में राजकीय आयुष योगशाला नजदीक सुभाष पार्क में योग फाउंडेशन हरियाणा के मुख्य अतिथि अध्यक्ष राजेंद्र विज ने योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी को 21 जून 2023 के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया तथा योग की महत्वता बारे सभी को अवगत करवाया। इस मौके पर उन्होंन आयुष विभाग द्वारा योगशाला के छोटे भवन में लगवाए प्रोजैक्टर का भी उद्धघाटन किया।
जिला आयुर्वेद अधिकारी अंबाला डॉ0 शशी कान्त शर्मा ने बताया कि 29 से 31 मई तक जिले के खेल स्टेडियम व्यामशाला व अन्य उपयुक्त स्थानों पर सभी सरकारी और निजी स्कूल के प्रशिक्षण प्रवकता शारीरिक शिक्षा, पी टी आई, डी पी आई, स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। योग शिक्षको, आयुष योग सहायक , योग विशेषज्ञ द्वारा जिला तथा ब्लाक स्तर प्रशासनिक अधिकारी / कार्यक्रम, सरपंच, पंच, एनसीसी व स्काउट कैडेट को प्रशिक्षण

# सायल हेल्थ कार्ड के आधार पर किसान खाद की मात्रा का प्रयोग करें- दलबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर खेत-स्वस्थ खेत स्कीम के तहत प्रत्येक खेत से मिट्टी के नमूने लेने हेतू राज्य सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक एकड़ खेती योग्य भूमि का नमूना लिया जाना है। जिसमें वर्ष 2022-23 के दौरान ब्लॉक नारायणगढ़ एवं शहजादपुर से कुल 42673 मिट्टी के नमूने किसान सहायकों द्वारा लिये गये थे। जिसमें से 25917 मिट्टी के नमूनों की जांच की जा चुकी है तथा 17260 शॉयल हैल्थ कार्ड किसानों को वितरित किये जा चुके है।
नारायणगढ़ के भूमि परीक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष भी अब तक लगभग 20 हजार मिट्टी के नमूने किसान सहायकों द्वारा एकृत्रित किये जा चुके है। जिसका मिट्टी की जांच के आधार पर किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किये जाते है, जिसमें सायल हैल्थ कार्ड की रिर्पोट के आधार पर किसान फसल अनुसार खाद की मात्रा का प्रयोग कर सकेगें जिससें उत्पादन लागत मे कमी आयेगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा अस्थाई तौर पर किसान सहायक लगाये जा रहे है
तथा सभी किसान सहायकों को उनके खुद के गांव या साथ लगते ही गांव अंवाटित किये जा रहे है, प्रत्येक किसान सहायक को 600 मिट्टी नमूने इक्ठठे करने का लक्ष्य



**8 इस वर्ष भी अब तक लगभग 20 हजार मिट्टी के नमूने किसान सहायकों द्वारा एकृत्रित किये जा चुके है**

दिया गया है जिसके बदले में विभाग द्वारा 30 रुपए प्रति नमूने की दर से किसान सहायक द्वारा मिट्टी के नमूने सम्बन्धित लैब मे जमा करने उपरान्त उनके खाते मे डाले जाते है तथा बकाया 10 रू0 की राशि किसान सहायकों द्वारा शॉयल हैल्थ कार्ड किसानों को वितरित करने उपरान्त दी जाती है। यह कार्य लगभग 3 वर्ष में पूर्ण किया जायेगा। इस स्कीम के अन्तर्गत सरकार द्वारा 10 रू0 प्रति एकड़ व प्रति नमूना की दर से किसानों से भी लिये जाते है। इस वर्ष जिला अम्बाला के सभी ब्लॉकों को चयनित किया गया है। जिला अम्बाला के सभी किसानों से भी अपील की है कि कृषि एवं किसान विभाग, हरियाणा के कर्मचारियों / अधिकारियों / किसान सहायकों को इस अभियान को सफल बनाने मे सहयोग दे।

# आम आदमी पार्टी प्रदेश और जिला पदाधिकारियों के सम्मान में आयोजित

## भाजपा और कांग्रेस का विकल्प सिर्फ अरविंद केजरीवाल हैं: जगबीर सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आम आदमी पार्टी की पहली संगठनात्मक बैठक पार्टी नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आप नव नियुक्त प्रदेश पद्दाधिकारियों बलबीर सैनी, बंता राम वाल्मिकी को प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल खुब्बड को प्रदेश संयुक्त सचिव, प्रवीन चौधरी संयुक्त सचिव, नवनीत सैनी संयुक्त सचिव, जोगा सिंह जिला सचिव, मेवा राम प्रदेश सह संयुक्त सचिव समेत अनेक जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जगबीर सिंह जोगना खेड़ा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन सचिव संदीप पाठक,



प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता, चुनाव प्रबंधन कमेटी चेयरमैन डॉक्टर अशोक तंवर का आभार व्यक्त किया। जोगनाखेड़ा ने कुरुक्षेत्र संगठन की पहली बैठक में कार्यकताओं और पदाधिकारियों से रूबरू होते हुए दावा किया कि वे भाईचारे और जनहित के मुद्दो को उठाने वाले मजबूत संगठन के साथ काम करेंगे। जगबीर ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाइयां दी और कहा कि वह अरविंद केजरीवाल की नीतियों को घर घर पंहुचाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के कुशासन और कांग्रेस के परिवारवाद का विकल्प अरविंद केजरीवाल को मान रही है।इस मौके पर पार्टी नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी, बंताराम वाल्मिकी और पार्टी संगठन सचिव विशाल खुब्बड़ ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर संजय चौधरी, सरबजीत सिंह मुल्तानी, आशा पठानिया, पुष्पा चौधरी, राजेश सैनी, रघुवीर सिंह चट्ठा, अमरीक सिंह, गुरुदेव सुरा, सतीश बिंदल, मानसिंह, वीरेंद्र शाहबाद, रणधीर टुकर, रोहताश रंगा, तरसेम सिंह, दीपक प्रभाकर, अश्विनी वधवा, समय सिंह, ईश्वर सिंह अमीन, फूल कुमार, गुलशन कश्यप आदि पदाधिकारी मौजूद थे।
आप नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा की पहली संगठनात्मक बैठक में एकजुता और अनुशासन की झलक दिखाई दी। बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेद्र मित्तल बिट्ठू, पूर्व जिलाध्यक्ष मेवा राम आर्य ने पंहुचकर कार्यकताओं में जोश भरा। इन पूर्व चारों जिलाध्यक्षों ने जगबीर जोगनाखेड़ा को बधाइयां दी और पार्टी संगठन की मजबूती में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर विशाल खुब्बड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी देश की जनता के सामने राजनीति में ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने वाला सबसे बेहतरीन विकल्प है।

# जैन को 360 दिन बाद 42 दिन की जमानत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इलाज कराएं और उसके दस्तावेज दिखाएं, बिना इजाजत दिल्ली नहीं छोड़ें

### शर्तों के साथ...

= सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 6 हफ्ते इलाज कराएं; ना बयानबाजी करेंगे ना दिल्ली छोड़ेंगे और ना गवाहों से मिलेंगे





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गिरफ्तारी के 360 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 42 दिन (6 हफ्तों) की जमानत दे दी है। 11 जुलाई तक उन्हें कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। 10 जून को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश होना होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- जैन की सेहत को देखते हुए उन्हें छोड़ा जाए। इस दौरान वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम सत्येंद्र जैन को प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने की इजाजत देते हैं। जैन किसी भी गवाह को प्रभावित नहीं करेंगे। अदालत की इजाजत के बगैर वह दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। बेल के दौरान जो भी इलाज किया जा रहा है, उसके दस्तावेज अदालत के सामने पेश किए जाएं। सत्येंद्र जैन की ओर से एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से एएसजी राजू ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश कीं। सत्येंद्र जैन को पिछले साल 31 मई को ईडी ने अरेस्ट किया था।
**सिंघवी:** जमानत के लिए मेरे पास बहुत मजबूत आधार है, लेकिन उनका जिक्र आज नहीं कर रहा हूं। मैं केवल सेहत के आधार पर जमानत मांग रहा हूं। बाकी चीजें आप बाद में देख सकते हैं।
**एएसजी राजू:** प्रवर्तन निदेशालय की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा, मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मांग रहे हैं तो जैन का चेकअप एम्स में कराया जाए। दूसरे अस्पतालों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की गुंजाइश है। स्वतंत्र जांच जरूरी है। वो स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। दिल्ली के अस्पतालों के मेडिकल रिकॉर्ड सही नहीं हो सकते हैं।
**सुप्रीम कोर्ट :** जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, "ये समस्या ऐसी तो है नहीं जो पहले सो हो। ये तो रातोंरात हमारे सामने आई।" अगर जांच रिपोर्ट जैन के पक्ष में आती हैं तो मैं हार मान लूंगा।
**सिंघवी:** ये आदमी एक साल से जेल में बंद है। जो आरोप उन पर लगाए गए हैं, उसमें इन्हें 19 जुलाई को उन्हें जमानत मिली। इसके बाद 7 बार उनसे पूछताछ की गई।
**सुप्रीम कोर्ट:** केवल मेडिकल ग्राउंड पर ही बहस करें। मिस्टर राजू! क्या कारण है कि आपको मेडिकल रिपोर्ट पर भरोसा नहीं है?
**एएसजी राजू:** कृपया मेरा हलफनामा देख लें। ये स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं और दिल्ली के हर अस्पताल में इनके फोटो लगे हैं। ये जेल मंत्री भी रह चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय को इसी बात की चिंता है कि वो अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। उनकी पुरानी जांच रिपोर्ट भी नकली थीं। जैसे ही हमने कहा कि उनकी जांच एम्स में कराई जाए, उन्होंने अपनी रिक्वेस्ट वापस ले ली। जैन का इतिहास बताता है कि वह बीमारी का बहाना बनाते हैं, नकली रिपोर्ट हासिल करते हैं और जब स्वतंत्र जांच की बात आती है तो वह अपनी रिक्वेस्ट वापस ले लेते हैं। 13 मई को वो फिट थे। प्रॉसेस के मुताबिक हमने उनका चेकअप किया था। बीमारी के कोई लक्षण नहीं थे। अचानक 14 मई को लक्षण नजर आने लगे?
**सिंघवी:** उन्होंने एलएनजेपी में जांच कराई, जीबी पंत में नहीं। तिहाड़ से किसी को भी एलएनजेपी में ही रेफर किया जाता है। आज की रिपोर्ट्स के इसलिए दरकिनार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ये 2022 की हैं। वह कहां भाग जाएंगे? 1-2 महीने में वो जेल में वापस आ जाएंगे। उनका वजन 32 किलो घट गया है। कंकाल हो गए हैं। उन्हें प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने का अधिकार है। उनकी मांसपेशियां कमजोर हो रही हैं, रीढ़ में समस्या है, वजन घट गया है। प्राइवेट अस्पताल में इलाज होना चाहिए। जहां तक वजन घटने का मामला है, तो वह जैन हैं। वह उपवास में भरोसा करते हैं। वह उपवास करते हैं तो वजन कम हो गया।
**सुप्रीम कोर्ट:** जस्टिस जेके माहेश्वरी ने कहा- यह आदेश केवल मेडिकल ग्राउंड तक ही सीमित है। हम सत्येंद्र जैन को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत देते हैं। हम उन्हें अपनी इच्छा के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए 6 हफ्ते का वक्त देते हैं। जैन किसी भी गवाह से ना तो मिलेंगे और ना ही उसे प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। वह दिल्ली नहीं छोड़ेंगे। जैन की जो भी जांच की गई है, उसके दस्तावेज अदालत के सामने रखे जाएंगे।
**बीमार सत्येंद्र जैन को शर्तों पर जमानत:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 6 हफ्ते इलाज कराएं; ना बयानबाजी करेंगे ना दिल्ली छोड़ेंगे और ना गवाहों से मिलेंगे।

## पीडब्ल्यूडी के प्रत्येक सब-वे का होगा जीर्णोद्धार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले सभी सब-वे का एक महीने के भीतर जीर्णोद्धार होगा। इसके अंतर्गत सभी सब-वे की अच्छे से सफाई की जाएगी, टूट-फूट को रिपेयर किया जायेगा। सब-वे में बेहतर लाइट की व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से उनमें सीसीटीवी कैमरा से लैस किया जायेगा और सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किए जायेंगे। इस बाबत पीडब्ल्यूडी अगले एक महीने मिशन मोड में काम करेगी और भविष्य में सभी सब-वे का बेहतर ढंग रखरखाव करेगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से ये जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से वो स्वयं इन सब-वे का निरीक्षण करेंगी और जहां भी लापरवाही पाई गई वहां कार्यरत अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा। बीते शुक्रवार, 19 मई को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग क्रासिंग पर स्थित सब-वे का निरीक्षण किया था। वहां चारों तरफ गंदगी थी, टूट-फूट थी, लाइट नहीं जल रही थीं, कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं था। ये देखकर पीडब्ल्यूडी मंत्री बहुत नाराज हुई और वहां मौजूद अधिकारियों की फटकार लगाई। दिल्ली भर में सब-वे के रखरखाव के लिए जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजिनियरों की बैठक बुलाई और जून के अंत तक दिल्ली भर में सभी सब वे में सुधार करने के आदेश जारी किए।

# ईंट से हमला कर युवक से लूट कर ले गए लूट की रकम

## पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार




### आरोपी अरेस्ट

= पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो फोन, 50 हजार, लाखों के गहने और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जाफरपुर कलां के उज्जवा गांव के हमेशा** नशे में रहने वाले युवक ने अपने ही गांव में रहने वाली महिला के घर अपने दो दोस्तों से लूटपाट करवा दी। इनमें से आरोपी से दूसरे युवक लूट की रकम को ही लूटकर ले गए। जाफरपुर कलां थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो फोन, 50 हजार रुपये, लाखों के गहने और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है। जाफरपुर कलां के उज्जवा गांव में रहने वाली वीरमति ने 16 मई को अपने घर में लूटपाट की शिकायत की। उसने बताया कि उसका दो बेटा इटली में रहता है और वह यहां अकेली रहती है। उसने बताया कि 16 मई की सुबह दो बदमाश उसके घर में घुसे और उससे मारपीट कर घर से लाखों के गहने, दो एप्पल के मोबाइल और 1.16 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी कि अगले दिन डाबर एंक्लेव में एक युवक के लहूलुहान हालत में पड़े होने की जानकारी मिली। पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस लूटपाट के मामले में सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पता चला कि घर में लूटपाट करने वाला आरोपी और डाबर एन्क्लेव में मिला घायल एक ही व्यक्ति है। बाद में घायल युवक की पहचान गांव बड़ूसराय निवासी सागर के रूप में हुई। पुलिस वारदात में शामिल दूसरे बदमाश की पहचान शुरू की। उसकी पहचान बड़ूसराय गांव निवासी प्रवीण के रूप में कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में बताया कि उसने उज्जवा गांव निवासी रवि के कहने पर सागर के साथ महिला के घर में लूटपाट की थी। पुलिस ने रवि को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि रवि नशे का आदी है। उसने कर्ज चुकाने के लिए लूटपाट की योजना बनाई थी।

# एक छात्र के भड़काने पर दूसरे ने भी की थी बम होने की कॉल...



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निजामुद्दीन में** मथुरा रोड स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में बम रखे होने की सूचना इसी स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र ने ई-मेल से कर दी थी। छात्र स्कूल के उप-प्रधानाचार्य से बदला लेना चाहता था। पुलिस ने नाबालिग होने के कारण इस छात्र को छोड़ दिया था। इस पर आरोपी छात्र ने डींग हांकना शुरू कर दिया। इसके भड़काने पर ही साकेत स्थित अमृता पब्लिक स्कूल के छात्र ने भी अपने स्कूल में बम रखे होने की सूचना दे दी थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों छात्रों को पकड़ लिया और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश किया। दोनों छात्र अमर कॉलोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर में कोचिंग ले रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी छात्र को स्कूल के उप-प्रधानाचार्य ने कई बार डांट दिया था। इसका बदला लेने के लिए उसने ऐसा किया। इसके बाद अमृत पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं के छात्र ने उसे बताया कि उसके पेपर खराब गए हैं और उसे डर है कि उसके नंबर कम आएंगे। इस पर डीपीएस स्कूल के आरोपी छात्र उसे भड़काया और खुद पर कार्रवाई न होने की डींग हांकी तो अमृत पब्लिक स्कूल के छात्र ने भी अपने स्कूल में बम होने की सूचना दे दी। फिलहाल जेजे बोर्ड ने दोनों छात्रों को घर भेज दिया है।

# खरगे और राहुल गांधी से मिलेंगे सीएम केजरीवाल, मांगा समय



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र सरकार द्वारा लाए गये अध्यादेश के खिलाफ संसद में कांग्रेस का समर्थन मांगने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपने ट्वीट में केंद्र सरकार के अध्यादेश को अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक करार दिया है। अरविंद केजरीवाल का यह बयान केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी पार्टियों से सहयोग हासिल करने क्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के पूर्वी सीएम और शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार से मुलाकात के बाद दिया है। केन्द्र द्वारा लाए गये अध्यादेश के खिलाफ सीएम केजरीवाल समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।



एलजी विनय सक्सेना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# 24 घंटे निशुल्क वाईफाई की सुविधा से लैस होगा एम्स




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली एम्स का परिसर जल्द ही वाईफाई** नेटवर्क की सुविधा से लैस होगा। इस योजन पर अमल के लिए एम्स प्रशासन ने शुक्रवार को न्यूरो सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. विवेक टंडन के नेतृत्व में एक पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी एम्स में वाईफाई नेटवर्क की सुविधा विकसित करने का काम करेगी।
**24 घंटे रहेगी सुविधा:** एम्स प्रशासन का कहना है कि संस्थान में 24 घंटे वाईफाई की सुविधा रहेगी। संस्थान के डॉक्टरों, मेडिकल के छात्रों, कर्मचारियों के अलावा मरीजों और उनके स्वजनों को भी एम्स में 24 घंटे निशुल्क वाईफाई की सुविधा मिलेगी। इससे मरीज और उनके स्वजन आसानी से अपनी जांच रिपोर्ट ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। एम्स प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संस्थान के कुछ नव निर्मित केंद्रों को छोड़कर मुख्य अस्पताल सहित ज्यादातर सेंटरों में वाईफाई की सुविधा ठीक नहीं है।
**शोध कार्य के लिए भी महत्वपूर्ण:** एम्स में मरीजों के इलाज के साथ-साथ मेडिकल शिक्षा व शोध कार्य भी होता है। इन सभी कार्यों में इंटरनेट की जरूरत पड़ती है। एम्स के डॉक्टर बताते हैं कि पिछले वर्ष नवंबर में संस्थान के सर्वर पर हुए रैनसमवेयर अटैक की घटना के बाद संस्थान में इंटरनेट की समस्या बढ़ गई है। इस वजह से मेडिकल शिक्षा व शोध से जुड़े कार्यों में डॉक्टरों को मोबाइल के वाईफाई नेटवर्क का इस्तेमाल करना पड़ता है।
ऐसी स्थिति में साइबर सुरक्षा को लेकर खतरा ज्यादा बना हुआ है। यही वजह है कि एम्स प्रशासन ने संस्थान के सभी सेंटरों को एक वाईफाई नेटवर्क से जोड़ने की पहल की है। एम्स प्रशासन द्वारा गठित कमेटी एक टेंडर जारी कर 15 जून तक एक निजी एजेंसी को नियुक्त करेगी।

### सुविधा मिलेगी

= मेडिकल के छात्रों, कर्मचारियों के अलावा मरीजों और उनके स्वजनों को भी एम्स में 24 घंटे निशुल्क वाईफाई की सुविधा मिलेगा

# टिल्लू हत्याकांड: 24 दिन बाद 80 जेल अफसरों का ट्रांसफर




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गैंगस्टर** टिल्लू ताजपुरिया हत्या कांड के बाद से तिहाड़ जेल प्रशासन एक्शन में है। शुक्रवार को जेल प्रशासन ने 80 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। इनमें 5 उपाधीक्षक, 9 सहायक अधीक्षक, 8 प्रधान वार्डन और 50 वार्डन शामिल हैं।
**हाईकोर्ट ने की थी सख्त टिप्पणी:** दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल परिसर के अंदर गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के मामले में गुरुवार (26 मई) को तल्ख टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य है। अधिकारियों को ऐसी घटनाओं का इंतजार नहीं करना चाहिए।
**टिल्लू हत्याकांड में मामले में गंभीर है जेल प्रशासन:** टिल्लू हत्याकांड के बाद से तिहाड़ जेल प्रशासन काफी गंभीर दिख रहा है। अधिकारी और पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर की खबर पहले से ही सामने आ रही थी। 11 मई को भी तिहाड़ के डीजी संजय बेनीवाल ने जेल के 99 अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया था। इससे पहले सीसीवीटी फुटेज सामने आने के बाद तमिलनाडु पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर 5 मई को तिहाड़ ने 8 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था, जिसमें 2 सहायक अधीक्षक और 4 वार्डरों के साथ-साथ 2 हेड वार्डर शामिल थे।
**2 मई को हुई थी हत्या:** गैंगस्टर टिल्लू को गोगी गैंग के गुर्गों ने 2 मई, 2023 को तिहाड़ की हाई सिक्योरिटी सेल में सूए से ताबड़तोड़ वार करके मौत के घाट उतारा था। इस घटना के दो वीडियो सामने आए थे, जिसमें देखा जा सकता है कि हत्यारों ने पुलिसवालों के सामने भी टिल्लू पर धारदार सूए से वार किया था।
हत्योपितों को रोकने के लिए जेल में मौजूद अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 15 मई को टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड मामले में सभी आरोपियों को 14 दिन की हिरासत में भेज दिया था।

# फेज तीन के कॉरिडोर पर रविवार को सुबह छह बजे से चलेगी मेट्रो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो की पुरानी लाइनों के साथ-साथ इस बार रविवार को फेज तीन के कॉरिडोर पर भी सुबह छह बजे से ही मेट्रो रफ्तार भरने लगेगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का कहना है कि रविवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक) के मद्देनजर यह फैसला किया गया है, ताकि अभ्यर्थी मेट्रो के जरिये आसानी से परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सकें। मेट्रो के पुराने कॉरिडोर पर सुबह छह बजे से ही मेट्रो का परिचालन होता है, लेकिन फेज तीन के कॉरिडोर पर प्रत्येक रविवार को सुबह आठ बजे मेट्रो का परिचालन शुरू होता है, ताकि फेज तीन के मेट्रो कॉरिडोर व ट्रेनों की रखरखाव के लिए दो घंटा अतिरिक्त समय मिल सके। इसमें मजेंटा लाइन (जनकपुरी पश्चिम-बोटेनिकल गार्डन), पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) व ग्रे लाइन (द्वारका-ढांसा बस स्टैंड) शामिल है। इसके अलावा फेज तीन में बने रेड लाइन के दिलशाद गार्डन-शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा गाजियाबाद), ब्लू लाइन के नोएडा सिटी सेंटर-इलेक्ट्रानिक सिटी, ग्रीन लाइन के मुंडका- बहादुरगढ़ और वायलेट लाइन के बदरपुर- बल्लभगढ़ पर भी हर रविवार को सुबह आठ बजे से मेट्रो का परिचालन शुरू होता है।

# दिल्ली में अध्यादेश का क्या होगा?, केजरीवाल ने मोर्चा खोल रखा है...



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का मुद्दा शांत होता नहीं दिख रहा है। एक तरफ जहां केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया, वहीं अरविंद केजरीवाल खेमे में हलचल तेज हो गई है। केंद्र सरकार के इस अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने मोर्चा खोल रखा है। आइए जानते हैं कि केंद्र सरकार के इस अध्यादेश का आगे क्या होगा? केजरीवाल क्या प्लानिंग कर रहे हैं? भाजपा सरकार के लिए कैसे खड़ी हो सकती है मुश्किल? मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने पिछले दिनों फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग भी कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने इस मामले में सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, 'उपराज्यपाल के पास दिल्ली से जुड़े सभी मुद्दों पर व्यापक प्रशासनिक अधिकार नहीं हो सकते हैं। उपराज्यपाल की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की स्थायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देती हैं।'
कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों पर भी दिल्ली सरकार का नियंत्रण रहेगा, भले ही वे उसकी तरफ से नियुक्त न किए गए हों।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को अधिकारियों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं दिया गया तो जवाबदेही तय करने के सिद्धांत का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर अधिकारियों ने मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर दिया या उन्होंने मंत्रियों के निर्देश नहीं माने तो सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत पर असर पड़ेगा।
सुप्रीम कोर्ट के किसी भी फैसले को पलटने के लिए केंद्र सरकार अध्यादेश ला सकती है। ये अध्यादेश राष्ट्रपति की तरफ से जारी होते हैं। जब संसद का सत्र नहीं चलता है और जरूरत पड़ने पर इसी के तहत कानून बनाया जाता है। संसद सत्र चलने के दौरान अध्यादेश नहीं लाया जा सकता है।
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 123 में अध्यादेश का जिक्र है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार है। ये अध्यादेश संसद से पारित कानून जितने ही शक्तिशाली होते हैं। अध्यादेश के साथ एक शर्त जुड़ी होती है। अध्यादेश जारी होने के छह महीने के भीतर इसे संसद से पारित कराना जरूरी होता है। अध्यादेश के जरिए बनाए गए कानून को कभी भी वापस लिया जा सकता है।
**अध्यादेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार के अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की कोशिश है कि वह एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट से अपने पक्ष में फैसला करवाएं। इसके लिए वह पूरी ताकत झोंक रहे हैं। वह पब्लिक के बीच भी खुद की स्थिति रखना चाहते हैं। केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली कर शक्ति प्रदर्शन करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली में श्रीराम लाइफ ने अपने एपेक्स चैनल के कार्यालय का किया शुभारंभ

**रोहिणी।** सभी वर्गों की सुरक्षा और जीवन बीमाओं की पूरी जानकारी देने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल के पूरे देश में कार्यलय खोले जा रहे है। इसी कड़ी में श्रीराम लाइफ ने अपना अपैक्स चैनल का कार्यलय का शुभारम्भ दिल्ली के रोहिणी में किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम लाइफ के बिजनेस हेड टॉप सिटीज उत्कर्ष चौधरी, सर्किल हेड विनोद कुमार, ब्रांच हेड मनोज गुप्ता और सभी अभिकर्ता सचिन गर्ग, वीके मधोक, हरीश अरोड़ा, राकेश कुमार और राजेश धमी उपस्थित रहे।

इस दौरान उत्कर्ष चौधरी ने बताया कि श्रीराम ग्रुप इस साल अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली मना रहा है व व वित्तीय क्षेत्र में 50 वर्षों से बनी विश्वसनीयता को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल इस साल 50 नए कार्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये चैनल के जरिए सभी उम्र के वर्गों के लिए बिमा सुरक्षा में फायदे से जुड़े नए प्लान्स लॉन्च किए है। कंपनी अपने स्वर्ण जयंती उत्पाद के लिए शुद्ध इक्विटी, डेट और हाइब्रिड फंड सहित कई तरह के फंड की पेशकश कर रही है। इस कार्यक्रम के मौके पर गोल्डन जुबली यूनिट लिंक्ड प्लान भी लॉन्च किया गया है। इस से न सिर्फ. रोजगार के बहुत सारे नए अवसर बनेंगे बल्कि वित्तीय योजनाओं का लाभ भी अधिक लोगों तक पहुंच पाएगा।

### बजनेस कोच राजीव तलरेजा और उनकी कंपनी क्यूएल वन ने किया प्रोफीकोर्न 2023 का आयोजन

**गुरुग्राम।** 23 और 24 मई को एशिया की सबसे बड़ी बिजनेस कोचिंग कंपनी क्यूएल वन ने एमएसएमई कारोबार मालिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोफीकोर्न 2023 की शुरूआत 650 से अधिक लोगों के बैंगलोर आगमन के साथ हुई, जो एशिया के सभी कोनों से 2 दिवसीय आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में 6 प्रतिष्ठित प्रवक्ताओं एवं बिजनेस लीडरों ने कारोबारों मालिकों को सम्बोधित किया।

प्रवक्ताओं में शामिल थे-

भारत की सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी जेरोधा के संस्थापक, बिलेनियर निथिन कामथ; ईज माय ट्रिप के संस्थापक प्रशांत पिट्टी; सनराईस कैंडल्स के संस्थापक भावेश भाटिया; जूजल के संस्थापक राजेश डेम्बला, जो डिजिटल कॉमर्स के लिए भारत का सबसे बड़ा माइक्रो डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क बना रहे हैं; भारत के सबसे पसंदीदा आईसक्रीम ब्राण्ड्स में एक नैचुरल्स आईस क्रीम के संस्थापक रघुनंदन और सिद्धार्थ कामथ।

निथिन कामथ ने राजीव तलरेजा के साथ बातचीत के दौरान कहा, ह्यह्यबिजनेस मालिक होने के नाते जरूरी है कि आप उत्सुकता एवं उत्साह बनाए रखें। आपको हमेशा जोश के साथ आगे बढ़ना है, कारोबार के नए अवसर कभी भी आपके सामने आ सकते हैं! प्रशांत पिट्टी ने बताया, भारत एंटरप्रेन्युर बनने की इच्छा अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक है। ऐसे में मेरा मानना है कि आने वाले सालों में देश में एमएसएमई की संख्या तेजी से बढ़ेगी! कार्यक्रम में 9 प्रेरक एमएसएमई ने अपने विकास की कहानी के बारे में बताया, इस मौके पर क्यूएल वन के साथ 1-टू-1 कोचिंग हुई। इन कारोबार मालिकों ने महामारी के दौरान बहादुरी का प्रदर्शन किया है। जब उनके पारिवारिक कारोबार पर ताले लगने की नौबत आ गई थी, उन दौर में वे साहस के साथ आगे बढ़े और अपने कारोबार को फिर से मुनाफा कमाने वाले सफल व्यवसाय के रूप में स्थापित किया। इसके बाद बिजनेस सक्सेस अवॉर्ड्स दिए गए, जिकने तहत 30 कारोबार मालिकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कारोबार में विकास की अद्भुत कहानियां प्रस्तुत की हैं।

### एमजी मोटर ने भारत में 10,000 जेडएस ईवी की बिक्री की

**करनाल :** एमजी मोटर इंडिया ने आज घोषणा की, कि पूरी दुनिया में कामयाबी का परचम लहराने वाले कंपनी के सबसे लोकप्रिय वाहन, जेडएस ईवी ने भारत में 10,000 यूनिट की बिक्री का आँकड़ा पार कर लिया है। एमजी जेडएस ईवी भारत की पहली प्योर-इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी है, जो लॉन्च के बाद से ही भारत में ईवी को पसंद करने वाले लोगों के बीच एक लोकप्रिय ग्रीन-प्लेट बन गई है।

बिल्कुल-नई जेडएस ईवी 2 अलग-अलग वेरिएंट्स (एक्साइट और एक्सक्लूसिव) में उपलब्ध है, जिनकी कीमत क्रमशः 23,38,000 रुपये और 27,29,800 रुपये है।जेडएस ईवी में चार्जिंग के लिए 6 अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं: डीसी सुपर-फास्ट चार्जर्स, एसी फास्ट चार्जर्स,एमजी के डीलरशिप पर एसी फास्ट चार्जर, जेडएस ईवी के साथ पोर्टेबल चार्जर, चौबीसों घंटे आरएसए (रोडसाइड असिस्टेंस) की मदद से चलते-फिरते चार्जिंग की सुविधा, तथा एमजी चार्ज पहल - जो एमजी इंडिया द्वारा शुरू की गई अपने आप में अनोखी पहल है। इस पहल का उद्देश्य देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए 1000 दिनों में पूरे भारत में सामुदायिक स्थानों पर 1000 एसी फास्ट चार्जर इंस्टॉल करना है। एमजी इंडिया की ओर से जेडएस ईवी खरीदने वाले ग्राहकों के घर या कार्यालय में मुफ़्त में एसी फास्ट चार्जर इंस्टॉल किया जाता है।बिल्कुल-नई जेडएस ईवी में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से सुसज्जित 50.3 केडब्ल्यूएच की बैटरी लगाई गई है जो इस सेगमेंट में सबसे बड़ी है, और यह पूरी दुनिया में सुरक्षा के पैमाने पर खरी है, जिसमें एएसआई-डी : बेमिसाल सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल, आईपी 69के : बेहतर धूल एवं जल-रोधी रेटिंग, तथा यूएल2580 : सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं।

# ग्रामीणों ने एक्शन इंडिया को कहा धन्यवाद

## घड़ी रूपा में खराब सड़क की खबर प्रकाशित करने पर विभाग ने सड़क को कराया दुरुस्त

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**वह बोले मार्ग** से लिंक सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी 1 के द्वारा कराया गया था जिसमें घटिया सामग्री से निर्माण होने के कारण सड़क उखड़ने लगी थी जिसमें ग्रामीणों ने बाहरी विरोध कर शिकायत की इस सड़क की खबर को नेशनल एक्सप्रेस ने बड़े ढंग से कवरेज कर जनता की आवाज को उठाया। ग्रामीणों के अनुसार गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण हुआ था जिसमें लंबाई 500 मीटर दर्शाई गई लेकिन मौके पर 3:5 सौ मीटर ही सड़क बनी हुई है सड़क की लंबाई में बड़ी हेरा फेरी की


एक्शन इंडिया

सड़क निर्माण में हुआ घटिया सामग्री का प्रयोग

सड़क की लम्बाई में हेरा फेरी और विशुद्ध निर्माण से जनता में आक्रोश

**8 घटिया सामग्री का प्रयोग कर विशेष निर्माण किया गया मीडिया ने ग्रामीणों की आवाज को हाईलाइट करने पर विभाग कुंभकरण नींद से जागा तब विभाग ने जाकर ठेकेदार को नोटिस देकर काम करने के लिए आदेशित किया**

> सड़क का 50 मीटर हिस्सा खराब था जो हमने ठेकेदार को हडकाकर उसी बजट में सही करा दिया है।
>
> सूरज कुमार एक्सईएन पीडब्ल्यूडी

है जबकि 200 मीटर के करीब सड़क आरसीसी से भी बनी है जिसमें घटिया सामग्री का प्रयोग कर विशेष निर्माण किया गया मीडिया ने ग्रामीणों की आवाज को हाईलाइट करने पर विभाग कुंभकरण नींद से जागा तब विभाग ने जाकर ठेकेदार को नोटिस देकर काम करने के लिए आदेशित किया ठेकेदार ने उसी बजट में से सड़क को अच्छे ढंग से सही करा दिया । ग्रामीण गंभीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, राजवीर सिंह ,हरवीर सिंह ने बताया हमने कई जगह शिकायत की लेकिन विभाग ने सड़क को सही नहीं कराया लेकिन मीडिया में हाईलाइट होने पर सड़क अच्छी बनी है।

## सैनिक परिवारों के बलिदान को दिखाएगी फिल्म फौजा: संजय

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**फिल्म** फौजा की स्टार कास्ट एवं क्रू मेंबर शुक्रवार को फिल्म के प्रमोशन के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचे। जहां हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में फिल्म के कलाकारों और निमार्ता-निर्देशक ने प्रेस वार्ता कर फिल्म पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन, अतिरिक्त निदेशक महावीर गुड्डू, फिल्म अभिनेता पवन राज मल्होत्रा, निर्देशक प्रमोद कुमार, फिल्म कलाकार हरिओम कौशिक आदि मौजूद रहे। हरियाणा के फौजी परिवारों के त्याग एवं बलिदान को पर्दे पर दर्शाने के लिए तैयार की गई फिल्म फौजा के कलाकारों ने प्रैसवार्ता के दौरान अपने अनुभव सांझा करते हुए फिल्म के बारे में जानकारी दी। हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने बताया कि फिल्म फौजा हरियाणा की पृष्ठभूमि पर बनी एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है जिसे फिल्म के निमार्ता-निर्देशक ने भारतीय सेना को समर्पित किया है। फिल्म 1 जून को देश के 10 राज्यों में रिलीज हो रही है। फिल्म में रुपहले पर्दे पर डेब्यू कर रहे कार्तिक दम्मू नायक तथा ऐश्वर्या सिंह नायिका का किरदार निभाएंगे। वहीं मुख्य किरदार में नेशनल अवार्ड विजेता पवन राज मल्होत्रा तथा अन्य किरदार जोगी मलंग, हरिओम कौशिक, विक्रम मलिक, जयंत कटारिया, कुलदीप सिंह, जानवी सांगवान, नीवा मलिक आदि के द्वारा निभाए गए हैं। फिल्म की परिकल्पना प्रमोद कुमार तथा पटकथा प्रवेश राजपूत एवं आकाश ने लिखी है। फिल्म के निमार्ता अजीत दालमिया तथा गीतकार नौशाद सदर खान हैं।

## जनता की बेईज्जती के लिए किया जा रहा जनसंवाद कार्यक्रम: अशोक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा के** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम जनता की बेइज्जती करने का नया तरीका है। वे शुक्रवार को अपने निवास स्थान पर बातचीत कर रहे थे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री को चाहिए था कि जनसंवाद के दौरान प्रदेश के लोगों की समस्याओं का समाधान करते लेकिन जनसंवाद के माध्यम से लोगों की बेइज्जती की जा रही है। मुख्यमंत्री में घमंड इतना हो गया है कि गांव के लोग जब मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हैं तो मुख्यमंत्री कहते हैं कि इन्हे बाहर ले जाकर पीटो। ऐसे हालात में मुख्यमंत्री से प्रदेश की जनता क्या आस रख सकती है। कांग्रेसी नेता ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को घोटालों की सरकार कहा जाए तो कुछ गलत नही होगा। भाजपा सरकार के कार्यकाल में अनेकों घोटाले उजागर हुए जिनकी जांच को दबा दिया गया। सरकार को चाहिए कि धान घोटाला, शराब घोटाला, रजिस्ट्री घोटाले सहित सभी घोटालों की सीबीआई से जांच करवाई जाए ताकि असलियत प्रदेश की जनता के सामने आ सके। उन्होने कहा कि प्रजातंत्र में सरकार लोगों के हित के लिए बनाई जाती है लेकिन भाजपा-जजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों, कर्मचारियों व आंगनवाड़ी वर्करों सहित जो कोई भी अपनी मांग उठाता है तो उनपर लाठियां बरसाने का काम किया जाता है। इस मौके पर सुधीर चुघ, तरसेम हरियापुर, रमेश सैनी, नरेंद्र सैनी कसेरला, मुकेश कश्यप व राजपाल खासपुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फायर हाई रिस्क एरिया में कान्हा की नगरी, इंतजाम नाकाफी

**मथुरा: कान्हा की** नगरी को विकास के पंख लगे हैं। विकास को देखते हुए जमीन की कीमतें आसमान छू रही हैं। हाईराइज बिल्डिंग खड़ी हो रही हैं। हॉस्पिटल, होटल, मोटल, टावरों की श्रृंखला खडी हो गई है। इस पर लगातार काम जारी है। मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में अग्निशमन के इंतजामात बेहद जरूरी हो जाते हैं। इसके अलावा मथुरा वृंदावन सांस्कृतिक धरोहरें हैं। यहां की गलियां कुंज हैं और पुरानी इमारतों में फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं है। ऐसे में मथुरा वृंदावन फायर हाई रिस्क एरिया की कैटेगरी में आ जाते हैं।

इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में काम शुरू हुआ है लेकिन काम की गति बहुत धीमी है। इस समय मथुरा और कोसी में फायर स्टेशन हैं।

## तीन दिवसीय पर्सनैलिटी डिवेलपमेंट कैम्प 'गुणतास' का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**गुरु** गोबिन्द सिंह स्टडी सर्कल द्वारा हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से लगाए जा रहे तीन दिवसीय पर्सनैलिटी डिवेलपमेंट कैम्प ह्यगुणतासह्न का शुभारम्भ पंजोखरा साहिब कालेज में हुआ। इस कैम्प में शिरकत करते हुए हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मैम्बर टी.पी. सिंह ने स्टडी सर्कल के समूह मैम्बर, विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों तथा उनके टीचरों का स्वागत तथा धन्यवाद किया और बच्चों को इस कैम्प की हर गतिविधि में पूरे मन से भाग लेने तथा अनुशासन में रह कर सीखने के लिए प्रेरित किया। पंजोखरा



साहिब कॉलेज के प्रिंसीपल सुखदेव सिंह ने बाहरी तथा आंतरिक पर्सनैलिटी के बारे में अवगत करवाया तथा कैम्प के दौरान हर प्रकार की आवश्यक सुविधाएं दिए जाने बारे आश्वासन भी दिया। स्टडी सर्कल के हरियाणा प्रधान अजिन्दर पाल सिंह ने कैम्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय इस कैम्प में जीवन जुगत, कैरियर गाईडेंस, सिख शहीद तथा विद्वान, अमृत वेला और चरनी लगो समागम आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। कैम्प में नियम तथा शर्तें रखी गई हैं। इस कैम्प में रूपिन्दर सिंह, सुखबीर सिंह, लवप्रीत कौर, इन्द्रपाल सिंह, गुरूद्वारा मैनेजर कुलदीप सिंह इत्यादि अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# उमंग स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चे को उपलब्ध करवा रही: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**


**दिशा ट्रस्ट द्वारा** संचालिक उमंग पाठशाला बच्चों की पढ़ाई को तीन स्थानों पर पाठशाला चला रही है। संस्था ऐसे बच्चों का चयन करती है जो पढ़ाई से वंचित है। निरक्षर बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिलाने का काम करती है। इससे गरीब बच्चे शिक्षित होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सके। शुक्रवार को उमंग स्कूल के बच्चों ने मन्नत हवेली का भ्रमण किया और फनी गेम्स खेल कर खूब इंजॉय किया। मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने उमंग स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों के



साथ स्टाफ को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि दिशा ट्रस्ट द्वारा संचालित उमंग स्कूल आज शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम कर रही है। उमंग स्कूल में मुनाफा रहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज के हर बच्चे को उपलब्ध करवा रही है। कादियान ने संस्था के इस कार्य के लिए बेहद प्रशंसा की और कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। उमंग इस दिशा में जो मुहिम चला रही है, वह काफी सराहनीय है। वहीं, मुकेश दिगानी ने बताया कि दिशा ट्रस्ट द्वारा गन्नौर में उमंग नाम से तीन स्कूलों की स्थापना की है। पहला उमंग स्कूल लोकतांत्रिक विद्यालय के रूप में करीब दस साल पहले स्थापित हुआ था। जिसमें आज हर वर्ग, जाति व धर्म के बच्चे बिना किसी आर्थिक भेदभाव के वैकल्पिक शिक्षा ग्रहण कर रहे है। यहां किसी प्रकार की फीस की अनिवार्यता नहीं है। इस स्कूल को खुशियों के स्कूल के रूप में भी जाना जाता है।

उन्होंने बताया कि बड़ी में प्ले स्कूल की स्थापना की गई है। जिसमें प्री प्राइमरी तक की शिक्षा खेल के माध्यम से दी जाती है। हाल ही में सूर्या ईंट भट्ठे पर वहां कार्य करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों के लिए उमंग पाठशाला की शुरूआत की गई है। ईंट-भट्ठे पर बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है।

## आप जिला अध्यक्ष सुखवीर मलिक को मिली स्टेट इकाई मे स्थान



**पानीपत: गत दिवस** आम आदमी पार्टी हरियाणा का संगठन की घोषणा की गई। 1139 पदाधिकारी के पद को मिले। आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ सुशील कुमार गुप्ता को बनाया गया राष्ट्रीय सलाहकार अनुराग ढंडा को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक को भी प्रदेश इकाई में शामिल किया गया। ज्ञात रहे पानीपत ग्रामीण मैं पिछले 4 साल से सुखबीर सिंह मालिक समाज सेवक के रूप में कार्यरत रहे और उनका आगे की कार्य स्थान पानीपत ग्रामीण रहेगा। आज सभी नए पदाधिकारी की लोकसभा अध्यक्ष दलविंदर चीमा के नेतृत्व में एक गेट टुगेदर मीटिंग भी हुई सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर काम करने की सलाह दी गई। इस मौके पर सुखबीर मलिक, राकेश चुघ,दीपक बग्गा, इकबाल पानीपति,राधेश्याम राजन मुंडे , वीरेंद्र सिंह आर्य, डॉ सुरेंद्र सिंह ,शाकिर अली, नीलम प्रणामी वह बहुत से कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पुलिस ने लूटपाट की चार घटनाओं का किया खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**थाना** सुरीर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से लूटपाट की चार घटनाओं का खुलासा किया है। तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त हुए वाहन और नकदी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक सुरीर नरेन्द्र यादव ने बताया कि दीपू उर्फ मानवेन्द्र पुत्र रमेश सिंह निवासी गढ़ी गोहनपुर हयातपुर थाना जमुनापार, भोलू उर्फ नागेन्द्र सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी गढ़ी गोहनपुर हयातपुर थाना जमुनापार तथा कोमल पुत्र रोहन सिंह निवासी गढ़ी गोहनपुर हयातपुर थाना जमुनापार को गिरफ्तार किया है। 17 मई को कलेकशन एजेन्ट सोनवीर सिंह के साथ 78,000 रुपये, एक टैब, एक मोबाईल फोन की घटना की थी। घटना ग्राम भगतनगरिया थाना सुरीर मथुरा के रोहित पुत्र देवीचरन उर्फ देवो की सूचना पर योजना बनाकर रैकी कर की थी। थाना

## संस्कृति को संजोनें का प्रयास कर रहा है कला परिषद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**हरियाणा कला परिषद** हरियाणवी संस्कृति को आगे बढ़ाने और इसे संजोनें में सफल प्रयास कर रहा है। इसके माध्यम से स्कूलों में बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए नृत्य कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

राजकीय वरिष्ठद मा. विद्यालय कच्चा कैम्प की प्रधानाचार्य सुशीला घणघस ने बताया कि हरियाणा कला परिषद की ओर से ये नृत्य कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। जोकि विगत 17 मई से शुरू की गई



थी। यह कार्यशाला 31 मई को सम्पन्न होगी। सुशीला घणघस ने बताया कि इन कार्यशालाओं में बच्चों को समूह के रूप में नृत्य सिखाया जाता है ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। नृत्य निर्देशक तरूणा शर्मा ने बताया कि इन नृत्य कार्यशालाओं में छात्राओं को हरियाणवी नृत्य सिखाया जा रहा है। 31 मई को समापन समारोह कच्चा कैम्प विद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसमें हरियाणा कला परिषद की ओर से प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल और हरियाणा कला परिषद के अध्यक्ष संजय भसीन के प्रयासों के कारण ही ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

जिनमें छात्राओं को हरियाणवी संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलता है। हरियाणवी नृत्य हरियाणवी संस्कृति का मूल है। इस नृत्य कार्यशाला में विद्यालय के अध्यापक दलबीर, शिवकुमार व रंजना इत्यादि भी बच्चों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

# श्रेष्ठ शिक्षा और बेहतर रोजगार का दूसरा नाम जीएलए विश्वविद्यालय

## गर्व की बात : जीएलए में 86 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को कैंपस से मिली नौकरी: कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**नैक से 'ए प्लस'** ग्रेड प्राप्त जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाऐं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश-समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ



उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की ।

जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़ प्रतिज्ञ है । 110 एकड़ से अधिक के शोर-शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी-भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है।

वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक - तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है। किसी भी विषय को सीखने-समझने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है।

## नशा तस्कर की निशानदेही पर सप्लायर को राजस्थान से गिरफ्तार कर लाई टीम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत, एंटी** नाराकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने 17 मई बुधवार को जीटी रोड पर बीबीएमबी फ्लाई ओवर पुल के नीचे राजस्थान निवासी तीन नशा तस्करों ताराचंद निवासी बलडोदा अलवर, अमित निवासी भराला सीकर व युगल निवासी नीमका सीकर राजस्थान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 1.240 किलो ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया था। एंटी नाराकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों के

**8 पुलिस टीम ने आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया**

खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त अफीम राजस्थान के भिलवाड़ा जिला के गांव कांदा निवासी भरेहूलाल पुत्र मोतीलाल से 1.40 लाख रूपए में खरीद कर लाने बारे स्वीकारा था। पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को 18 मई वीरवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी तारांचद व युगल को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था व नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए आरोपी अमित को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अमित की निशानदेही पर नशा सप्लायर भरेहूलाल के संभावित ठीकानों पर दबिश देते हुए पुलिस टीम ने गत शनिवार को राजस्थान के जिला के गांव कांदा से आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

## संपादकीय

# भारत कौशलता, कुशल बौद्धिक क्षमता का धनी

वैश्विक स्तरपर पीएम के 6 दिवसीय 3 देशों के दौरे पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी रही,जिसमें भारतीय कौशलता,नेतृत्व,बौद्धिक क्षमता, सभ्यता संस्कृति, सभ्यता सभी अभूतपूर्व योग्यताओं का एक खास दम दिखा हर भारतीय का सीना गर्व से फूल उठा और महसूस हो रहा है भारत का दुनियां में कौशलता दम दिखा खास, किसी पीएम ने चरण छुए तो किसी ने कहा बॉस। चूंकि अभी भारतीय जनसंख्या विश्व में 140 करोड़ पार कर नंबर वन पर आ चुकी है कि उसी तरह दिनांक 24 मई 2023 को आई मूडीज रिपोर्ट ने कहा कि भारत की जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है और अगले कुछ वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली जी-20 अर्थव्यवस्था होगी।इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत कौशलता, कुशल बौद्धिक क्षमता का धनी है जिसमें सोने पर सुहागा आम जनता की सहभागिता होगा।

साथियों बात अगर हम भारतीय खासियत की करें तो,भारत की सभ्यता, संस्कृति, इतिहास कई हजारों वर्ष पुराना माना जाता है जिसमें विभिन्न सभ्यताएं, साहित्य भाषाई मिठास, उच्च बौद्धिक क्षमता, हस्तशिल्प, मानवीय कलाएं हजारों वर्ष पूर्व से ही रही है, यह हमें इतिहास खंगालने से पता चलता है। इसलिए यह मानने में कोई दो राय नहीं है कि भारतीय मिट्टी में ही कला रूपी अस्त्र निहित है, जहां जन्म लेने वाले प्रत्येक मानव में यह कला अपने आप समाहित हो जाती है बस, जरूरत है मानव में समाहित इस अंतर्निहित प्रतिभा कोपहचान कर उसे प्रकट करनें और उसका क्रियान्वयन कर उसका उपयोग अपने दैनिक जीवन से लेकर, उसका लाभ मानवीय जीवन और अर्थतंत्र में मजबूती करने की। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिस्थितियों, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की करें तो अब यह जरूरी हो गया है कि भारत माता की मिट्टी में पैतृक रूप से गॉड गिफ्टेड इस अंतर्निहित प्रतिभा को हमपहचान कर उसे बाहर प्रकट कर उसका उपयोग करें। जिसके लिए हमें एक ऊजार्वान अस्त्र की जरूरत है वह है। कौशलता विकास अस्त्र। साथियों बात अगर हम आज हमारी140 करोड़ पार जनसंख्या की करें तो आज जरूरत है हमें इस जनसंख्यकीय पक्ष को सकारात्मकता में लेने की और कौशलता विकास का उपयोग कर हर व्यक्ति में अंतर्निहित प्रतिभा को तराश कर उसे कार्यबल के रूप में परिणित करना होगा, तो हम फिर भारत को सोने की चिड़िया बना सकते हैं। हम देखते हैं कि उत्तर भारत, दक्षिण भारत, मध्य भारत इत्यादि अनेक क्षेत्रों में विभिन्न कौशलता के धनी नागरिकों में कुशल बौद्धिक क्षमता कूट-कूट कर भरी है वहां की विभिन्न वस्तुएं विश्व प्रसिद्ध हैं जिसे कौशलता विकास अस्त्र से निखार कर उसे एक वैश्विक मंच या प्लेटफार्म प्रदान कर तेजी के साथ विकास किया जा रहा है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष की करें तो सरकारों द्वारा इस लक्ष्य पर काम करना शुरू हो गया है, अलग से कौशलता विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय सुशासन केंद्र, कई रणनीतिक साझेदारीयां, प्रोग्राम, आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव इत्यादि जो इसके सशक्त उदाहरण है, मार्ग से तीव्र गति से हर वर्गीय मनीषियों के लिए एक रणनीति के तहत उसकी अंतर्निहित प्रतिभा को पहचान कर उसे उसकी कौशलता का विभिन्न साधनों से विकास करने का कार्य किया जा रहा है।

# नये संसद भवन के उद्घाटन पर न हो राजनीति !

**सुनील कुमार महला**

> "यह सुरक्षित और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। इसमें बड़े हाल और आधुनिक आडियो विडियो सिस्टम मौजूद हैं। जानकारी मिलती है कि प्लेटिनम रेटेड ग्रीन बिल्डिंग से बिजली की खपत कम होगी। अब बात करते हैं वर्तमान संसद भवन की। तो जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान संसद भवन की नींव 12 फरवरी 1921 को रखी गई थी और 18 जनवरी 1927 को भारत के वायसराय व गवर्नर जनरल लार्ड इरविन ने इसका उद्घाटन किया था तथा इसे बनाने में छह साल का समय लगा था। संसद के पुराने भवन में 144 स्तंभ और 12 गेट हैं तथा यह भवन छह एकड़ क्षेत्र में बना है। इसे बनाने में तिरासी लाख का खर्च आया था। पुराने संसद भवन को अब करीब 100 साल होने जा रहे हैं"

**देश** में नए संसद भवन के उद्घाटन से पहले ही बवाल मचा है, यह बहुत ही शर्मनाक है कि राजनीतिक दल केवल और केवल अपने स्वार्थों और लालच को साधने के लिए देश के नए संसद भवन के उद्घाटन से पहले ही इसे अपनी तुच्छ व ओछी राजनीति का केंद्र बना रहे हैं। वास्तव में , संसद हमारे देश के लोकतंत्र का गर्व है। इसे राजनीति का केंद्र बनाना किन्हीं भी परिस्थितयों में कभी भी ठीक नहीं कहा जा सकता है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि नई संसद करीब ढाई साल के समय में बनकर तैयार हो चुकी है। हमारे देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास किया था, और अब 28 मई 2023 को वे इस नए संसद भवन का उद्घाटन भी करने जा रहे हैं, लेकिन बहुत ही दुखद है कि इसे लेकर अब राजनीतिक दलों ने सियासत शुरू कर दी है। विपक्षी दलों का यह कहना है कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से न कराना राष्ट्रपति पद का अपमान है। वहीं बीजेपी का इस संबंध में यह कहना है कि जब इंदिरा गांधी और राजीव गांधी संसद भवन की इमारतों का उद्घाटन कर सकते हैं तो पीएम क्यों नहीं कर सकते हैं ? बहरहाल, सच तो यह है कि आज राजनीति का स्तर लगातार गिरता चला जा रहा है और राजनीति का अर्थ नेम एंड फेम कमाने के साथ ही सिर्फ और सिर्फ पैसा या धन कमाना हो गया है, राजनीति का मतलब है मेवा खाना। सेवा करना आज की राजनीति का उद्देश्य नहीं रहा। यह विडंबना ही है कि आज राजनीति का देश व समाज से कोई सरोकार नहीं रहकर सिर्फ और सिर्फ स्वयं से ही सरोकार रह गया है। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता सिर्फ और सिर्फ अपने चूल्हे के नीचे आंच सरकाने से सरोकार रखते हैं, देश और समाज चाहे भाड़ में जाए। जबकि होना तो यह चाहिए कि राजनेताओं के लिए समाज और राष्ट्र सर्वोपरि हों। वास्तव मे,राजनीति का उद्देश्य है लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनके हित में काम करना। लेकिन आज के समय में राजनीतिक लोग आमजन के हितों को साधने की बजाय स्वयं के हितों को अधिक साधते हैं। सच तो यह है कि आज के समय में

भारत में राजनेताओं ने राजनीति का धर्म भुला कर अपनी जिम्मेदारी के फर्ज को अपने से अलग कर दिया है। आज के समय में राजनेता भाषाई सीमाओं को लांघते है, धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं, एक दूसरे पर झूठे,गलत आरोप प्रत्यारोप लगाते हैं। आज राजनीति का स्तर लगातार गिरता चला जा रहा है। पहले नेताओं में पार्टी के प्रति समर्पण के साथ-साथ एकता-अखंडता एवं मयार्दा निहित होती थी। दल गत विरोध के बावजूद विकास व राष्ट्रीय मुद्दों पर आपस में बातचीत करते थे। आज राष्ट्रीय विकास की ओर राजनेताओं का ध्यान कम है, अपने चूल्हे के नीचे आंच सरकाने की ओर ध्यान अधिक है। पहले के जमाने में, या यूं कहें कि आज से 20-25 बरस पहले पक्ष हो अथवा विपक्ष, हर दल का नेता अपने संबोधन में मयार्दा को समेटे रहता था। वह अपनी सीमाएं जानता था, लेकिन अब तो हर दल का नेता एक-दूसरे पर इस कदर अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, जिसे सुन पाना भी हमारी पीढ़ी के लिए मुश्किल होता है। टीवी डिबेट पर भी यह महसूस किया जा सकता है। आज राजनीति छिछोरेपन के पैमाने गढ़ रही है। आज जुबान से निजी हमले होते हैं। विनम्रता, धैर्य,संयम नाम की राजनीति में आज शायद कोई चीज नहीं रही है, जबकि



विनम्रता से आप को बिना कुछ भी खर्च किए सब कुछ हासिल हो सकता है। बहरहाल, जो भी हो, यहां यही कहना चाहूंगा कि नई संसद हमारे लोकतंत्र के गर्व का अहसास कराएगी। हर देशवासी संसद की नई इमारत को पौराणिकता और आधुनिकता के संगम के रूप में देख रही है, महसूस कर रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद की नई इमारत का उद्घाटन 28 भी को करने जा रहे हैं, राजनीतिक दलों को राजनीति से परे इसका स्वागत करना चाहिए और इस पर तुच्छ राजनीति नहीं की जानी चाहिए। यह विडंबना ही है कि ने संसद भवन का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि नया संसद भवन तिकोने आकार का है, बताया जा रहा है कि तिकोने आकार के कारण इस भवन का अधिक उपयोग हो सकेगा। नये संसद भवन में लोकसभा, सेंट्रल हाल संयुक्त सत्र, सेन्ट्रल रोने, संविधान सभा व राज्यसभा व आफिस आदि के साथ पर्याप्त स्थान मौजूद हैं। नया संसद भवन चार मंजिला है,जिसे टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है। पूरा कैंपस 64,500 वर्ग मीटर का है। यहां तीन मुख्य गेट- ज्ञान द्वारा, शक्ति द्वार और कर्मा द्वार हैं। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कंपनी ने 861.9 करोड़ रुपये में इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की पेशकश की थी। वहीं, नए पार्लियामेंट के मुख्य आर्किटेक्ट बिमल पटेल हैं। उल्लेखनीय है कि बिमल पटेल कई बड़ी इमारतों को डिजाइन कर चुके हैं। उन्हें साल 2019 में आर्किटेक्टर क्षेत्र में असाधारण काम के लिए पद्मश्री भी मिल चुका है। उन्होंने विश्वनाथ धाम काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात हाईकोर्ट बिल्डिंग, आईआईएम अहमदाबाद कैंपस, टाटा सीजीपीएल टाउनशिप, साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट और पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी सहित कई बड़ी बिल्डिंग्स डिजाइन की हैं। यह भी जानकारी मिलती है कि नई संसद की डिजाइन गुजरात बेस्ड एक आर्किटेक्चर फर्म एचसीपी डिजाइंस ने तैयार की है। यह इक्कीस महीने में बनकर तैयार हुआ है तथा इसके निर्माण पर 971 करोड़ रूपए की लागत आई बताई जा रही है।

यह सुरक्षित और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। इसमें बड़े हाल और आधुनिक आडियो विडियो सिस्टम मौजूद हैं। जानकारी मिलती है कि प्लेटिनम रेटेड ग्रीन बिल्डिंग से बिजली की खपत कम होगी। अब बात करते हैं वर्तमान संसद भवन की। तो जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान संसद भवन की नींव 12 फरवरी 1921 को रखी गई थी और 18 जनवरी 1927 को भारत के वायसराय व गवर्नर जनरल लार्ड इरविन ने इसका उद्घाटन किया था तथा इसे बनाने में छह साल का समय लगा था। संसद के पुराने भवन में 144 स्तंभ और 12 गेट हैं तथा यह भवन छह एकड़ क्षेत्र में बना है। इसे बनाने में तिरासी लाख का खर्च आया था। पुराने संसद भवन को अब करीब 100 साल होने जा रहे हैं। हाल फिलहाल, नये संसद भवन के उद्घाटन से पहले देश के आम लोगों में यह जिज्ञासा है कि नया भवन बनने के बाद अब पुराने भवन का क्या होगा ? तो इस संबंध में जानकारों का यह कहना है कि इस इमारत को संरक्षित किया जाएगा। बहुत संभव है नये संसद भवन के उद्घाटन के बाद इसे(यानी कि पुराने संसद भवन को) एक संग्रहालय(म्यूजियम) बना दिया जाए ताकि लोग देश के संसदीय इतिहास से रूबरू हो सकें। संसद भवन के उद्घाटन से पहले लोगों में जिज्ञासा है कि पुराने भवन का क्या होगा ? जानकारों का कहना है कि इस इमारत को संरक्षित किया जाएगा। संभव है इसे संग्रहालय बना दिया जाए ताकि लोग देश के संसदीय इतिहास से रूबरू हो सकें। यह विडंबना ही है कि वर्तमान समय में नये संसद भवन को लेकर विपक्ष की नाराजगियां हैं, जिन्हें लेकर वह इस उद्घाटन समारोह का विरोध कर रहा है। संसद की नई इमारत को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए, संसद हमारे देश के लोकतंत्र के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यहां से निकला हुआ चिंतन ही देश-दुनिया को एक नवीन दशा व दिशा देगा। नये संसद भवन का उद्घाटन निश्चित ही हमारे देश के लिए एक गौरव का पल होगा, इस भवन के उद्घाटन को राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं है। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर 15 दल बीजेपी के समर्थन में आ गए हैं, वहीं कांग्रेस ने मोदी से नई संसद के उद्घाटन का विरोध करते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया है तथा 20 अन्य विपक्षी दलों ने भी उसका साथ दिया है। संसद इस देश की है,हम सबकी है,इसे राजनीतिक स्वार्थ की आंखों से नहीं देखा जाना चाहिए। पूरे विश्व की निगाहें भारत के नये संसद भवन के उद्घाटन की ओर हैं, ऐसे में राजनीतिक दलों को अपने तुच्छ स्वार्थों को छोड़कर भारतीय लोकतंत्र की खुशबू की दुनिया का स्वागत करना चाहिए, न कि तुच्छ व ओछी मानसिकता का परिचय देना चाहिए।

## कविता

### जिंदगी धरती पुत्र की "

"जितनी सर्दी गर्मी प्यारी हैं गेंहू को ,
उतनी ही प्यारी हैं दहाड़ी मजदूरों को!!

थम जाती हैं सांसे किसानों की
देख कुछ दानों की पैदावार ,
देख इसको रो बिलखता है पूरा परिवार!!

जो संजोए थे पूरी साल के लिए ख्वाइशों के सपने ,
बे मौसम बारिश से टूट गए दो पल मे अपने !!

चुनौतियों को स्वीकार कर
एक बार फिर हिम्मत बांधे अपने,
नई उमंग के साथ फिर
चले किसान भाई अपने !!

हे बारिश के देव इस बार तो महर रखना,
इनके सपने संजोए रखना !!

ब्याज की चौकट पर मत पंहुचा देना,
खेत गिरवी मत रखने देना ,
कर्ज के चक्र से बचा लेना !!

धरती पुत्र की पुकार है ,
आश नहीं अरदास हैं!!

**मंछाराम खेमादा**

# सिविल सेवा में बेटियों ने लहराया परचम

**रोहित माहेश्वरी**

**देश की** बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। बेटियों की सफलता पर पूरे देश को गर्व है। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर खेल, अंतरिक्ष, चिकित्सा, विज्ञान, सेना, अनुसंधान और तमाम क्षेत्रों में बेटियां बेटों के साथ बड़ी शान से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। बीते दिनों देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा का नतीजे घोषित हुए। इस प्रतिष्ठित व कठिन परीक्षा में देश की बेटियों ने परचम लहराए हैं। नए क्षितिज छुए हैं और नए आयाम खोले हैं। परीक्षा परिणाम देखकर लोगों के जुबान पर बस एक ही डायलॉग है। आमिर खान की फिल्म दंगल का डायलॉग ह्रम्हारी छोरियां छोरों से कम हैं केह्व। देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा सिविल सर्विस एग्जामिनेशन में टॉप 10 में 6 लड़कियां हैं। बता दें कि परीक्षा में टॉप 10 में ऑल इंडिया नंबर-1 रैंक इशिता किशोर ने हासिल किया है। वहीं गरिमा लोहिया दूसरी, उमा हरथी तीसरी, स्मृति मिश्रा ने चैथी रैंक हासिल की है। जबकि गहना नव्या रैंक छः और कनिका गोयल ने नौवां रैंक हासिल किया है। यह स्वप्न-सा लगता है कि जो बेटियां सामान्य पढ़ाई करते या नौकरी पर जाते दिखती थीं, अब कुछ अंतराल के बाद वे आईएएस अधिकारी होंगी। आईपीएस, आईएफएस और आईआरएस आदि सेवाओं में भी जाएंगी। जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम या सरकार में प्रथम श्रेणी के समकक्ष पदों पर आसीन होंगी। देश की व्यवस्था संचालित करेंगी, समाज-देश की सेवा भी करेंगी और निजी सम्मान, प्रतिष्ठा, सामाजिक उत्थान भी हासिल करेंगी। इस बार अखिल भारतीय सेवाओं में करीब 34 फीसदी सफलता बेटियों ने अर्जित की है। एक-तिहाई से अधिक सफल चेहरों में वे शुमार हैं। अखिल भारतीय स्तर पर पहले चार सर्वश्रेष्ठ स्थान भी बेटियों ने ही प्राप्त किए हैं। शीर्ष 20 सफल युवाओं में 12 बेटियां ही हैं। कुल 933 सफल चेहरों में 320 महिला-चेहरे हैं। यह आंकड़ा साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है। बेटियों ने न केवल नए मील-पत्थर स्थापित किए हैं, बल्कि लैंगिक प्रतिनिधित्व को भी विस्तार दिया है, लेकिन घर और कार्यस्थल पर समानता और लैंगिक फासले आज भी गंभीर चुनौती हैं। बेटियों की यह मेहनतकश और बौद्धिक सफलता तात्कालिक नहीं होनी चाहिए। गर्व और गौरव का एहसास भी क्षणिक नहीं होना चाहिए। ये चयनित उम्मीदवार देश की प्रशासनिक व्यवस्था संचालित करते हैं जिन्हें नौकरशाह कहा जाता है।

ब्रिटिश सत्ता के जमाने में सिविल सर्विसेस का जो ढांचा खड़ा किया गया था वही इस परीक्षा के माध्यम से जारी है। विदेश सेवा, प्रशासन, पुलिस, रेलवे, राजस्व, संचार, वन और सूचना जैसे विभागों के अधिकारी इसी परीक्षा के जरिये चुने जाते हैं। परीक्षा में हासिल अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार होती है और उसी के अनुसार अभ्यर्थी की पसंद का विभाग और राज्य उसे दिया जाता है।

## विचार

# विपक्षी दलों के विरोध के सामने खड़े है 25 दल पक्ष में

**28** मई 2023 को देश के नए संसद भवन का उद्घाटन होना है और उद्घाटन से पहले ही ये नई इमारत विवादों में है। गोलबंदी हो रही है। 21 दल एक पाले में खड़े हैं और 25 दल दूसरे पाले में। दोनों तरफ से वार-पलटवार हो रहा है। जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह ने तो यहां तक कह दिया कि अगर उनकी सरकार आई तो नए संसद भवन में दूसरे काम होंगे। इधर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। 18 मई 2023 को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई संसद भवन का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। उद्घाटन की तारीख 28 मई 2023। और जबसे इस तारीख का ऐलान हुआ है विवाद तभी से शुरू हुआ। पहले विवाद हुआ तारीख को लेकर। 28 मई को विनायक दामोदर सावरकर का जन्म दिवस होता है। मोदी सरकार सावरकर को स्वातंत्र्यवीर बताती है। जबकि विपक्षी पार्टियां आजादी की लड़ाई में उनके योगदान पर सवाल उठाती हैं। विपक्ष हमेशा से बीजेपी पर सावरकर को लेकर हमलावर भी रहा है। ऐसे में नई संसद का उद्घाटन, सावरकर के जन्म दिवस पर करने के फैसला भी विपक्षी दलों के निशाने पर रहा। लेकिन इस पर बड़ा विवाद तब शुरू हुआ जब पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक ट्वीट किया और कहा,"नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति जी को ही करना चाहिए, प्रधानमंत्री को नहीं!" राहुल गांधी का ये ट्वीट 21 मई को आया। इसके अगले दिन 22 मई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट कर कहा कि बीजेपी ने दलित और आदिवासी समुदाय से राष्ट्रपति का चुनाव केवल चुनावी लाभ के लिए किया है। खड़गे ने सवाल उठाया कि 2020 में जब नई संसद की बिल्डिंग का शिलान्यास होना था तब तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नहीं बुलाया गया। और अब उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया जा रहा। खड़गे का कहना था कि राष्ट्रपति, सरकार, विपक्ष और हर नागरिक का समान रूप से प्रतिनिधित्व करती हैं। वो भारत की प्रथम नागरिक हैं। वो उद्घाटन करेंगी तो ये लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। इसके बाद एआईएआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन समेत कई विपक्षी दलों ने नई संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति से न कराए जाने पर सवाल उठाए। सवाल उठे तो सरकार की ओर से जवाब भी आया।केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने विपक्षी दलों पर बेवजह विवाद खड़ा करने का आरोप लगाया और ट्वीट किया कि कांग्रेस की आदत है जहां कोई विवाद नहीं होता है वहां विवाद खड़ा करना। राष्ट्रपति राज्य के प्रमुख होते हैं, प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है। प्रधानमंत्री सरकार की ओर से संसद का नेतृत्व करता है, जिसकी नीतियां कानून के रूप में लागू होती हैं। राष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं होते हैं। जबकि प्रधानमंत्री किसी एक सदन का सदस्य होता है। हरदीप पुरी के सवालों पर कांग्रेस की ओर से जवाब भी आया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 79 के मुताबिक, संघ के लिए एक संसद होगी जो राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी। इन सदनों के नाम लोकसभा और राज्यसभा होंगे। तिवारी ने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्रियों को भारत का संविधान बहुत ध्यान से पढ़ना चाहिए। कांग्रेस के दावों पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने फिर से पलटवार किया और पुरी ने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी ने संसद एनेक्सी और 1987 में राजीव गांधी ने संसद लाइब्रेरी का उद्घाटन बतौर प्रधानमंत्री किया। पुरी ने पूछा कि अगर कांग्रेस सरकार के मुखिया संसद का उद्घाटन कर सकते हैं तो हमारी सरकार के प्रमुख ऐसा क्यों नहीं कर सकते? इस पर भी कांग्रेस की ओर से जवाब आया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संसद के किसी पोर्शन का उद्घाटन करना और नई संसद का उद्घाटन करना दोनों बहुत अलग-अलग चीजें हैं। ये तो दोनों पार्टियों के अपने-अपने तर्क हो गए। लेकिन अब यहां ये भी जान लेते हैं कि उस समय हुआ क्या था? लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित 'पार्लियामेंट हाउस स्टेट' नाम का एक दस्तावेज बताता है कि आजादी के बाद जैसे-जैसे संसद की गतिविधियां बढ़ीं, अधिक जगह की जरूरत पड़ी। इस जरूरत को पूरा करने के लिए संसद भवन एनेक्सी बनाया गया। 3 अगस्त, 1970 को तत्कालीन राष्ट्रपति वी वी गिरी ने इसकी आधारशिला रखी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महान क्रांतिकारी नेता थे वीर सावरकर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**विनायक** दामोदर सावरकर भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, इतिहासकार, राष्ट्रवादी नेता तथा विचारक थे। उन्हें वीर सावरकर के नाम से सम्बोधित किया जाता है। हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा (हिन्दुत्व) को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। वे एक वकील, राजनीतिज्ञ, कवि, लेखक और नाटककार भी थे। उनके राजनीतिक दर्शन में उपयोगितावाद, तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद, मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यावहारिकता और यथार्थवाद के तत्व थे। सावरकर एक तर्कबुद्धिवादी व्यक्ति थे जो सभी धर्मों के रूढ़िवादी विश्वासों का विरोध करते थे। विनायक सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र में नासिक के भागुर गांव में हुआ था। उनकी माता राधाबाई तथा पिता जी दामोदर पन्त सावरकर थे। इनके दो भाई गणेश (बाबाराव) व नारायण दामोदर सावरकर तथा एक बहन नैनाबाई थीं। जब वे केवल नौ वर्ष के थे तभी हैजे की महामारी में उनकी माता का देहान्त हो गया। 1899 में प्लेग की महामारी में उनके पिता भी स्वर्ग सिधार गये थे। इसके बाद विनायक के बड़े भाई गणेश ने परिवार के पालन-पोषण का कार्य संभाला। दु:ख की इस घड़ी में गणेश के व्यक्तित्व का विनायक पर गहरा प्रभाव पड़ा था। विनायक ने शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। बचपन से ही वे पढ़ाकू थे। घर में आर्थिक संकट के बावजूद भाई बाबाराव ने विनायक की शिक्षा जारी रखी। इसी दौरान विनायक ने स्थानीय नवयुवकों को संगठित करके मित्र मेलों का आयोजन कर नवयुवकों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करते थे। 1901 में यमुनाबाई के साथ उनका विवाह हुआ। उनके ससुर रामचन्द्र त्रयम्बक चिपलूणकर ने उनकी विश्वविद्यालय की शिक्षा का भार उठाया। 1902 में मैट्रिक की पढाई पूरी करके उन्होने पुणे के फर्ग्युसन कालेज से बी०ए० किया। इनके पुत्र विश्वास सावरकर एवं पुत्री प्रभात चिपलूनकर थी। 1904 में उन्होंने अभिनव भारत नामक एक क्रान्तिकारी संगठन की स्थापना की। 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद उन्होने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। बाल गंगाधर तिलक के अनुमोदन पर 1906 में उन्हें श्यामजी कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति मिली। इंडियन सोशियोलाजिस्ट और तलवार नामक पत्रिकाओं में उनके अनेक लेख प्रकाशित हुए जो बाद में कलकत्ता के युगान्तर पत्र में भी छपे। सावरकर रूसी क्रान्तिकारियों से ज्यादा प्रभावित थे।

## इसे भी देखो न

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**आए दिन** हर कोई घर-जमीन गांव सब छोड़-छाड़ कर या बेच-बांचकर शहर की ओर कदम बढ़ाता है। पता नहीं शहर में ऐसा कौन सा चुंबक होता है जो लोहे के बदले इंसान को अपनी ओर खींचता है। शहर की चमचमाती सड़कों को देख चमचमाने का कीड़ा बड़ा उछल-कूद करता है। छोटे-छोटे गांवों में शहरी लालच की बड़ी अट्टालिका का निर्माण बिना ईट, सीमेंट, रेत और पानी के हो जाता है। वह क्या है न कि सच्चाई का डाकिया शहर में झूठ का पता कभी नहीं ढूँढ़ सकता। फिर एक दिन इसके-उसके मुँह हमें एक ही बात सुनने को मिलती है- डाकिया ही चल बसा शहर ढूँढ़ते-ढूँढ़ते। सच कहें तो शहर कुछ लोगों को शह देता है तो कुछ लोगों को हर लेता है। हमारे गांव में फलां पिछड़ा बाबू रहा करते थे। आजकल शहर में विकास बाबू बनकर हमारे बीच धाक जमा रहे हैं। उन्हीं का नाम ले लेकर गांव में कइयों का जीना हराम हो गया है। मैंने निर्णय किया कि विकास बाबू के यहां जाकर दो-चार दिन ठहरूँगा और अपनी योग्य कोई नौकरी तलाश करूँगा। किंतु जैसे ही मैं शहर पहुंचा वहां विकास बाबू को देखकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। गांव में खुद को सॉफ्टवेयर कंपनी का कर्मचारी बताने वाले विकास बाबू के कर्म और आचार में बड़ा अंतर दिखाई दिया। वे सॉफ्टवेयर कंपनी में नहीं किसी अपार्टमेंट के वॉचमैन की नौकरी करते थे। पूछने पर बताया कि गांव में खुद की जमीन जायदाद होने के बावजूद वह सम्मान नहीं मिल पा रहा था जो सम्मान शहर में आकर झूठ बोलकर मिल रहा है। आज मेरी झूठमूठ की सॉफ्टवेयर की नौकरी से सचमुच की खूबसूरत अप्सरा जैसी पत्नी, लाखों का दहेज, चार चक्का गाड़ी और ऊपर से इज्जत अलग मिल रही है।मैंने पूछा कि क्या तुम्हें झूठ के पदार्फाश होने का डर नहीं है? इस पर उन्होंने किसी दार्शनिक की तरह जवाब दिया - कैसा झूठ? कहां का झूठ? यहाँ हर कोई झूठ में जी रहा है। गांव की सच्चाई छोड़ लोग शहर के झूठ की ओर दौड़ रहे हैं। शहर में रहने वाले अपनी सच्चाई छोड़कर महानगरों की झूठी चकाचौंध के पीछे-पीछे दौड़े जा रहे हैं। महानगर में रहने वाले अमेरिका, इंग्लैंड की झूठी दुनिया में जाना चाहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### छोटे बच्चों से बाल मजदूरी न करवाई जाए : अमन कुमार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**नगराधीश एवं एसडीएम** करनाल (प्रभार) अमन कुमार के नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स द्वारा कर्ण विहार, राजीव पुरम में बाल मजदूरी को रोकने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें 18 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों से बाल मजदूरी के रूप में जैसे घरों, ढाबों, करियाणा स्टोर, आटो रिपेयर दुकान, मिठाई दुकान, संस्थानों इत्यादी में काम करवाना गैर कानूनी है और जो परिवार या दुकानदार, संस्थान मालिक को सजा व जुमार्ने का प्रावधान है।
टीम द्वारा करियाणा की दुकान से एक बच्चे को रेस्क्यू किया गया, दुकानदार को समझाया गया। नगराधीश ने बताया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें स्कूल में दाखिल करवाएं, छोटे बच्चों से बाल मजदूरी न करवाई जाए। यदि इस प्रकार कोई बच्चों से काम करवाता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
जिला टास्क फोर्स में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश कुमार चानना, जिला बाल संरक्षण यूनिट अधिकारी सुश्री रीना, लेबर इंस्पेक्टर अमित कुमार, बचपन बचाओ आंदोलन से जिला सह समन्वयक रामेश्वर दास, चाईल्ड हैल्प लाईन से बलकार सिंह साथ रहे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# जिला के आधा दर्जन से अधिक गांवों का किया दौरा

## बरसाती सीजन से पहले पूरा करें तालाबों की खुदाई और मरम्मत का कार्य : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला उपायुक्त अनीश** यादव ने शुक्रवार को जिला के आधा दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और यहां पर चल रहे तालाबों की खुदाई व मरम्मत के कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि तालाबों पर चल रहा यह कार्य आगामी बरसाती सीजन से पहले पूरा कर लिया जाए। इसके साथ उन्होंने पट्टे पर दी जाने वाली पंचायती भूमि के संबंध में भी मौजूदा सरपंचों व पंचायती विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कई गांवों में ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया।
जिला उपायुक्त अनीश यादव सबसे पहले कुटेल गामड़ी गांव में पहुंचे। यहां हरियाणा पोंड अथॉरिटी द्वारा तालाब की खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तालाब के किनारे को मजबूत



बनाया जाए। उन्होंने गांव वालों से तालाब के संबंध में जानकारी भी ली। गांव वालों ने बताया कि पूरे गांव का पानी इस तालाब में आता है। खुदाई के बाद गांव के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।
इसके बाद मुबारकाबाद में हरियाणा पोंड अथॉरिटी द्वारा किए जा रहे तालाब की खुदाई के काम का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव वालों ने उन्हें बताया कि काफी लंबे समय के बाद इस तालाब में खुदाई हुई है, जिससे गांव के लोगों को भविष्य में जल भराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस तालाब में करीब 200 घरों का गंदा पानी जाता है। जिला उपायुक्त ने मुबारकाबाद के तालाब पर किए जा रहे काम की सराहना की।
**बसताड़ा और झीवरहेड़ी गांव का भी किया दौराः** जिला उपायुक्त ने बसताड़ा और झीवरहेड़ी गांव का भी दौरा किया। बसताड़ा में दो तालाबों का दौरा किया। यहां एक तालाब पर हरियाणा पोंड अथॉरिटी और एक अन्य तालाब पर पंचायत विभाग द्वारा काम किया जा रहा है। जिला उपायुक्त ने इस कार्य को बरसाती सीजन से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। जिला उपायुक्त अनीश यादव ने झीवहरहेड़ी में फॉर्म पोंड का भी दौरा किया। यहां उन्होंने कुछ पंचायती भूमि पर फलदार पौधे लगवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द कार्यवाही की जाएगी।
**फुरलक और मलिकपुर गांव का भी किया दौराः** जिला उपायुक्त अनीश यादव ने फुरलक और मलिकपुर गांव का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने फुरलक में पंचायत फंड से बनाए जा रहे फॉर्म पौंड और हरियाणा पोंड अथॉरिटी द्वारा बनाए गए तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने हरियाणा पोंड अथॉरिटी के तालाब में जलखुम्भी की सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभाग जल्द से जल्द संज्ञान ले और इसकी सफाई करवाए। जिला उपायुक्त ने मलिकपुर गांव में मनरेगा के तहत किए जा रहे खुदाई के कार्य के संतोषजनक न होने पर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद उन्होंने गुढ़ा और बेगमपुर में भी तालाबों का दौरा किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम घरौंडा अदिति, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, पंचायती राज के एक्सईएन परविन्द्र सिंह, एसडीओ, बीडीपीओ, जेई तथा संबंधित गांवों के ग्राम सचिव व सरपंच मौजूद रहे।

# न्यायालय से भगौड़ा घोषित हुए दो अपराधी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना सिविल** लाइन की टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय द्वारा उद्घोषित किए गए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस टीम द्वारा आरोपी गोपाल पुत्र रामपाल वासी गांव सग्गा जिला करनाल को न्यायालय के आदेशानुसार मामले में शामिल जांच करके गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य टीम द्वारा आरोपी संदीप सिंह पुत्र अवतार सिंह वासी फतेहगढ़ झरौजी शाहबाद जिला कुरूक्षेत्र को शाहबाद से गिरफ्तार किया गया।
आरोपी गोपाल के संबंध में न्यायालय गुलशन वर्मा जेएमआईसी करनाल द्वारा व आरोपी संदीप कुमार के संबंध में न्यायालय नीलम जेएमआईसी करनाल द्वारा भगौड़ा घोषित होने के संबंध में प्राप्त आदेशानुसार दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे।
आरोपी संदीप को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। अन्य मामलो में भी पुलिस पीओ घोषित हो चुके व न्यायालय द्वारा भगौड़े घोषित किए गए आरोपियों को गिरफ्तार करने के जिला पुलिस द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे।

# चोरी व लूट की वारदातों में फरार चल रहे दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए** टू की टीम द्वारा चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों तुषार पुत्र विजयपाल व सौरभ उर्फ राजा पुत्र सैनी वासियान गांव मदकरीमपुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर मेरठ रोड करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था।
रिमाण्ड के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8300 रुपए की नगदी व 9 कारतूस बरामद किए गए हैं।
पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा 13-14 सितम्बर 2020 की रात को थाना मधुबन के एरिया पिपलवाली (गंजोगढ़ी) से बेअंत

**8 जांच में यह भी खुलासा कि आरोपी सौरभ के खिलाफ पहले भी एक मामला शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज हैं**

सिंह पुत्र सुखविन्द्र सिंह व सुबा सिंह पुत्र अवतार सिंह के मकान में से सोने-चांदी के जेवरात, नगदी व 25 कारतूस चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना मधुबन में वर्ष 2020 में भादंस की धारा-380, 457 के तहत मामला दर्ज किया गया था।
इस मामले में आरोपियों के साथी मनीष उर्फ कन्हैया वासी भभीषा जिला शामली उत्तर प्रदेश को फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी मनीष के कब्जे से तीन कारतूस बरामद किए गए थे। इस वारदात के अलावा आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 23 जनवरी 2021 की रात को हथियारों के बल पर राजेश कुमार वासी सेक्टर-9 के मकान में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में आरोपी घर में से काफी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात, नगदी व एक क्रेटा गाड़ी लूट कर ले गए थे। इस संबंध में थाना सेक्टर 32-33 में वर्ष 2021 में भादंस की धारा 392, 399बी व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी चोरी व लूटपाट करने के आदी हैं। आरोपी नशा करने, अय्यासी करने के लिए जल्दी अमीर बनने के लालच में ऐसी वारदातों को अंजाम देते हैं। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले दिन के समय रैकी करते हैं और फिर रात के समय मोटरसाईकिलों पर सवार होकर आते हैं और हथियारों के बल पर चोरी व लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते हैं।
जांच में यह भी खुलासा कि आरोपी सौरभ के खिलाफ पहले भी एक मामला शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज हैं। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन मामलों में आरोपियों के फरार अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# फव्वारा पार्क योग कक्षा में योगाभ्यास करवाया गया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश गुलाटी द्वारा** संचालित मेरा मिशन स्वस्थ करनाल के तहत सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में योगाभ्यास करवाया गया। नित्य-प्रति लोग सुबह के समय आकर योग का लाभ ले रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने साधकों को सर्वप्रथम यौगिक क्रियाएं करवाई। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार शरीर के लिए संजीवनी का काम करता है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर मन और आत्मा सफल होते हैं। यह सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगों को बहुत लाभान्वित करता है। सूर्य नमस्कार के 12 आसन हमारे पूरे शरीर के आंतरिक और बाहरी अंगों को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखते हैं। यह वजन कम करने के लिए सबसे अधिक सहायक है और शरीर के कई तरह के रोग सूर्य नमस्कार से दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य का नाम सूर्य नमस्कार का अभ्यास न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक बल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि सभी योग विशेषज्ञ इसके अभ्यास पर विशेष बल देते हैं। सूर्य नमस्कार से हृदय, यकृत, आंत, पेट, छाती, पैर शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत से लाभ है। हमारा शरीर दिनभर के तनाव और जीवन शैली के बदलाव के कारण टॉक्सिन इक्ठा करता रहता है।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर के अनचाहे विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है और मन की हर चिंता और तनाव को दूर रखकर दिनभर ताजगी का अनुभव कराने में मदद करता है। यह मन को शांत करता है और एकाग्रता को बढ़ाता है।

# बगैर लाईसेंस व परमिट की शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**थाना रामनगर** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी गुलशन पुत्र प्रेमनाथ वासी रामनगर को काबू किया गया। तलाशी के दौरान कट्टे में से आठ बोतल ठेका देसी शराब बरामद की गई। आरोपी इस शराब के संबंध में कोई भी लाईसेंस व परमिट पेश नहीं कर सका। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह अलग-अलग ठेकों से शराब खरीदकर अवैध तौर पर महंगे दाम पर लोगों को बेचने का काम करता है।

# अर्बन लोकल बॉडी के पोर्टल पर करनाल निगम की 16 विज्ञापन लोकेशन लाइव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** करनाल ने शहरी स्थानीय निकाय के पोर्टल पर विज्ञापन की 16 लोकेशन लाईव कर दी हैं, सभी बस क्यू शैल्टर की जगहें हैं। इच्छुक व्यक्ति या एजेंसी ह्वद्यड्ड.श्चह्नशद्दद्गष्ह्ल२४७.द्बठ्ठ पोर्टल पर, 31 मई सायं 5 बजे तक एक या एक से अधिक साईट भर सकता है। वार्षिक रेट की कुल राशि का 10 प्रतिशत ई.एम.डी. यानि बयाना के रूप में भरना होगा। इसके बाद 1 जून 2023 को ऑनलाईन बोली होगी। सफल बोलीदाता को रेट का एक चौथाई भाग अग्रिम रूप में जमा करवाना होगा, शेष राशि तिमाही आधार पर चुक्ता करनी होगी। विज्ञापन प्रदर्शन करने के लिए जगह एक वर्ष के लिए दी जाएगी। जो पार्टियां बोली में असफल रहेंगी, वे अपनी ई.एम.डी. वापिस ले सकती हैं। लेकिन सारी प्रक्रिया ऑनलाईन ही पूरी करनी होगी। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी।
उन्होंने बताया कि जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसी को साईट मिलेगी। यह भी स्पष्टद किया कि लोकेशन के हिसाब से साईटों के रेट भी अलग-अलग हैं। व्यक्ति या एजेंसी अपना विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्वयं भी लगा सकते हैं और उसे ठेका अवधि के अंदर जब चाहें उतार भी सकते हैं।



निगमायुक्त ने बताया कि विज्ञापनो की कमाई से नगर निगम की आय में इजाफा होगा। उचित जगहों पर ही अधिकृत विज्ञापन प्रदर्शित होंगे। डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट का उल्लंघन भी नहीं होगा। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि जो एजेंसी ठीक से काम करेगी, समय पर अपनी देय राशि को निगम के खाते में जमा करवाएगी, उसका ठेका 1 साल से बढ़ाकर 3 साल भी किया जा सकता है। वैसे शहर में निगम की विज्ञापन साईटें 100 से अधिक हैं, अब 16 साईटें लाईव की गई हैं, शेष को भी जल्द लाईव कर दिया जाएगा। लेकिन अवैध रूप से बिना अनुमति के विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति किसी को नहीं होगी। जो भी व्यक्ति ऐसा करेगा, नगर निगम की एन्फोर्समंट टीम उसका विज्ञापन उतार देगी।

# कोई भी किसान 15 जून से पहले न करे धान की रोपाई : डा. अश्वनी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री खंड** के कृषि अधिकारी डॉ.अश्वनी कुमार ने बताया कि सरकार की हिदायतों अनुसार कोई भी किसान 15 जून से पहले धान की रोपाई न करें। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की ओर से समय से पहले धान की रोपाई करने में पूर्णत : प्रतिबंध लगाया हुआ है। यदि कोई किसान समय से पहले धान की रोपाई करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में खंड इन्द्री के अंतर्गत आने वाले गांवों के कई किसानों



को कृषि विभाग की ओर समय से पहले धान की अगेती रोपाई को नष्टद्द करने बारे नोटिस दिया गया। जिन किसानों ने समय से पहले धान की फसल की रोपाई की है, वे किसान तीन दिन के अंदर-अंदर अगेती धान की रोपाई को नष्टद्द कर दें। नोटिस के उपरांत जिन किसानों ने विभाग के आदेशों की पालना नहीं की, उन किसानों के खेतों में मौके पर पंहुचकर टैक्ट्रर एवं हैरो द्वारा समय से पहले रोपी गई धान की फसल को नष्टद्द किया गया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय से पहले धान की रोपाई न करें और यदि कोई किसान समय से पहले धान की रोपाई करेंगा, कृषि विभाग की ओर से उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
उन्होंने बताया कि अगर किसान धान की सीधी बिजाई करते हैं तो वे न केवल आगामी फसल की बेहतर उपज ले सकते है, साथ ही जमीन के स्वास्थ्य को गिरने से बचाया जा सकता है।

# भूजल को बचाने हेतू सामुदायिक की भागीदारी करें सुनिश्चितः डॉ. भक्ति देवी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल के** मंगलसेन ऑडिटोरियम में अटल भूजल योजना द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ऑल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ लोकल सैल्फ गवर्नमेंट से जल स्मृति से मास्टर ट्रेनर भक्ति देवी मुख्य वक्ता रही, जबकि जिला उद्यान अधिकारी ने मदन लाल मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डा. भक्ति देवी ने कहा कि भूजल को बचाने हेतू सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आज भूजल बचाने की दिशा में सभी विभागों को अपनी कवायत तेज करनी पड़ेगी। हमें इसके साथ-साथ सामुदायक को सीधे योजना से जोड?ा पड़ेगा। विशेषकर ऐसी योजना बनानी पड़ेगी, जिससे ग्रामीणों का सीधा हित जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी कार्य योजना बनाएं। उसमें और उन योजनाओं को क्रियान्वित करने से पहले एक-दूसरे से सांझा आवश्य करें। कार्य योजना में गांव के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक किया जा सके और वहां की युवा शक्ति को भी जोड़ा जाए। युवा शक्ति युवा जल प्रहरी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भूजल बचाने में दे सके।
उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में जहां कुछ अच्छा कार्य हुआ है, वहां किस प्रकार से किसान कृषि में फसल विविधीकरण को अपनाकर ज्यादा लाभ अर्जित कर रहे है। हमारे क्षेत्र में जहां कुछ प्रगतिशील किसान कुछ हटकर कर



रहे हैं, उन्हें ज्यादा से ज्यादा हाईलाईट किया जाए, ताकि दूसरे किसान भाई प्रोत्साहित हो सकें।
मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी मदन लाल ने कहा कि हमें अपनी कृषि करने के तौर तरीके बदलने पड़ेंगे। इसके साथ-साथ नई तकनीकों और उन्नत खेती की ओर जाना पड़ेगा। आज किसान भाइयों को कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाओं को खोजना पड़ेगा। विशेषकर हमें दो परम्परागत फसलों को छोडकर अन्य फसलों की ओर भी देखना पड़ेगा। फसलों में भी हमें कम पानी की लागत की फसलों की ओर रूख करना पड़ेगा। तभी किसान भाई अपनी आमदन को दुगना कर सकते हैं। यह अपनाकर हम फसल विविधीकरण को बढावा देते हुए मिट्टी के स्वभाव को भी बरकरार रख सकते हैं। यह हमारे भविष्य के लिए भी एक अच्छा होगा। अटल भूजल योजना के आईईसी विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग की ओर से क्या-क्या अटल भूजल योजना के अन्तर्गत किया जा रहा है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारियों ने भूजल को बचाने के लिए क्या-क्या गतिविधियां की जा रही हैं, एक-दूसरे के साथ सांझी की। कार्यशाला में मोटे अनाज पर भी खुलकर चर्चा की गई कि किस प्रकार आज इसकी महत्वता नजर आती हैं। इस वर्ष को मोटे अनाज के वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। इसकी आज के दौर में क्यों जरूरत पड़ी। कार्यशाला में उपमण्डल अधिकारी मिकाडा विजय कुमार, कृष्ण कुमार कृषि विशेषज्ञ, भूमि संरक्षण विभाग से कृषि इंस्पेक्टर कृष्ण शर्मा, डॉ महावीर सिंह भूजल कोष से तकनीकी सहायक , फौरैस्ट विभाग से डिप्टी रेंजर, जिला परिषद से कार्यक्रम अधिकारी राकेश, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से डीपीएम राजकुमार सन्धू, पूर्णचन्द, हिसम सिंह सैनी, भूजल विशेषज्ञ शुभम अग्रवाल, मनरेगा से सहायक खण्ड परियोजना अधिकारी करनाल के गोबिन्द, जन स्वास्थ्य विभाग से जेई आनन्द राणा, डीआईपी से आईईसी विशेषज्ञ शोभित अग्रवाल, राजीव काम्बोज फौरैस्ट रेंजर व छत्रपाल शिक्षा विभाग से, जन स्वास्थ्य विभाग से सलाहकार नेहा, नेहरू युवा केन्द्र से जिला युवा समन्वयक रेनू सिलग व राजेश कुमार उपस्थित रहे।

# विधायक व पार्षद ने सुनी समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला विधायक** शरद चौहान ने अग्रवाल धर्मशाला नई बस्ती नरेला में जन समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि समस्याओं के जल्द निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान नरेला वार्ड-1 से पार्षद पति कमल खत्री व नगर निगम नरेला जोन उपायुक्त वीर सिंह यादव भी उनके साथ रहे।
बाहरी दिल्ली के नरेला में नई बस्ती रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में जन समस्याओं से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय विधायक शरद चौहान, नरेला वार्ड-1 से पार्षद पति कमल खत्री, दिल्ली नगर निगम नरेला जोन उपायुक्त वीर सिंह यादव का एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। मौके पर पहुंचे फरियादियों ने उनके सम्मुख अपनी समस्याएं रखी। उनके सामने नई बस्ती में सीवर लाइन को बदलना, बस्ती के नाम से साइन बोर्ड, पार्क में झूले व ओपन जिम, पेड़ों की छटाई व साफ सफाई से संबंधित समस्याएं रखी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। पार्षद पति कमल खत्री ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान विनोद बंसल, विपिन बंसल, रवि गर्ग, पवन मंगला, दीपक गर्ग, राजेंद्र मंगला, पवन बंसल, दिनेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुमित मंगला, सरदार हरिसिंह, सरदार गुरबचन सिंह, राजकुमार वर्मा, मुकेश गुप्ता व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।





## रक्तदान करने से नहीं आती है शरीर में कमी: महेन्द्र सिंह तोमर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्तदान** महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी महेन्द्र तोमर ने कही। तोमर ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें।
श्री तोमर ने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। श्री तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए।

## आतिशी ने किया शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल का दौरा




**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**शिक्षा** मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को झरोदा कलां स्थित केजरीवाल सरकार के शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के इन्वेस्चर सेरेमनी में शामिल हुई। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने छात्रों के साथ चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार के इस स्कूल के माध्यम से दिल्ली के गरीब से गरीब परिवार के बच्चों के सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करने के सपनों को उड़ान मिल रही है। उन्होंने छात्रों से कहा कि शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का अनुशासन और देशभक्ति का जज्बा बेमिसाल है। इनका अनुशासन अभी से इनमें भविष्य के सैन्य अफसरों की झलक दिखा रहा है।
इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों का उत्साह बढाते हुए कहा कि आप सभी छात्र शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के पहले बैच का हिस्सा है।

## भाजपा ने किया देश में विकास ही विकास: उमाकांत शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता उमाकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास की लहर देख रहे है, इसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।
उन्होंने यह भी बताया कि आज देश में ही नहीं विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि जहां पर भी हम जाकर लोगों से जनसंपर्क कर रहे है, लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

## कलावती हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन पदाधिकारियों ने ली शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कलावती** हॉस्पीटल वर्कर्स यूनियन के चुने हुए प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन के चुनें गए प्रत्याशियों में विक्रम उमरवाल अध्यक्ष, बबीता यादव उपाध्यक्ष, यसविंदर लोचव महासचिव, भोला प्रसाद सहसचिव, रमेश प्रसाद कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजेंदर खंडेरा, विमला, तारा कांत, सुनील कुमार, संजय कुमार और पूनम नव निर्वाचित सदस्यों को कर्मचारी की समस्याओं का समाधान करने के लिए कटिबद्ध रहने, कर्मचारियों के हित और अस्पताल की प्रतिष्ठा के लिए कार्य करने की शपथ एसएस नेगी द्वारा दिलाई गई। मंच संचालन यूनियन के सलाहकार चंद्रपाल द्वारा किया गया। तो वही, यूनियन के पूर्व अध्यक्ष और मुख्य सलाहकार एस एस नेगी ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज सरकार /प्रशासन यूनियनों को खत्म करने के नए-नए तरीके अपना रही है। इस मौके पर नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार, महासचिव भारत वीर, ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश त्यागी, मिस्टर चौरसिया, रेलवे यूनियन के सतीश पवार जॉइंट के फॉर्म ऑफ एक्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.एस.दहिया, ईएसआई अस्पताल के सुनील सरकानीया ने भी शुभकामनाएं दी और संघर्ष में साथ देने का वादा किया।

## अशोक विहार: सभी के जीवन में खुशियां लाये प्रभु: चित्रा विद्यार्थी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के अशोक विहार इलाके में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी भी कथा में पहुंची और प्रभु का आशीर्वाद लिया। उन्होने बताया कि सभी को कथा ध्यान पूर्वक सुननी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। उन्होंने आगे बताया कि कथा में बताई गई बातों को सभी को अपने जीवन में उतराना चाहिए और जहां पर भी कथा का आयोजन किया जा रहा है, वहां पर जाकर कथा का श्रवण अवश्य ही करना चाहिए।



जहांगीरपुरी वार्ड में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए रमेश शर्मा, अनुज सिंह व अन्य।

## समस्याओं के समाधान पर ध्यान दें जनप्रतिनिधि: रामकिशन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता व समाजसेवी रामकिशन ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
रामकिशन ने आगे बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी की ही देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी व भाजपा ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने श्रम कल्याण केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निदेर्शों का पालन करते हुए श्रम मंत्री राजकुमार आनंद ने शुक्रवार को हरि नगर स्थित श्रम कल्याण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। साथ ही वहां मौजूद श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।
मौके पर श्रम मंत्री ने श्रमिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को हल करने के लिए विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द उचित कदम उठाने के दिशानिर्देश दिए।
श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार श्रमिकों के हितों के लिए काम कर रही है। सभी निर्माण श्रमिकों और मजदूरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान श्रम मंत्री राज कुमार आनंद को श्रमिकों ने अवगत कराया कि उनकी लंबित फाइलों की प्रोसेसिंग में कई बार देरी होती है, जिससे चलते उन्हें और उनके परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।
इस पर श्रम मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से जिला श्रम कार्यालय में लंबित फाइलों की समीक्षा की।
साथ ही देरी के पीछे के कारणों को समझने और उन्हें हल करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सक्रियता से काम करने के लिए कहा।

# ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर**-प्रदेश के गाजियाबाद में वार्षिक मीटिंग में ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. नेयोल ने शिरकत की। इस मौके पर जेएस नेयोल का फूलों का हार पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस नेयोल ने ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के सदस्यो को भारत सरकार की नई गाइडलाइन, ट्रेड सर्टिफिकेट, जीएसटी, ट्रिप रजिस्टर जैसे मुद्दों पर जानकारी दी और उसका समाधान भी बताया। इस मौके पर यूपी के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन वर्मा, राष्ट्रीय सचिव मनप्रीत सिंह कोहली, गाजियाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद खान, ऑल इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# घपले कर रही है बीजेपी-जेजेपी सरकार: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व मुख्यमंत्री** और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी-जेजेपी लगातार प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खेल रही है। आज प्रदेश में करीब 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। उन पर भर्ती करने की बजाए सरकार लगातार घोटाले कर रही है। एचईएस भर्ती में सामने आए ताजा घपले से स्पष्ट हो गया है कि इस सरकार में हर भर्ती का सौदा हो रहा है। ग्रुप-डी से लेकर एचसीएस जैसे पदों की भर्ती में धांधलियां की जा रही हैं। सरकार संरक्षण से भर्ती कमीशन के दफ्तर में बैठे लोग धांधली करने के लिए नए-नए तरीके निकाल रहे हैं। सीधे पेपर लीक करने की बजाए अब पर प्रश्न को कॉपी करके लीक किया जा रहा है। अबतक करीब 30 पेपर लीक को अंजाम दे चुकी सरकार ने एचसीएस भर्ती की परीक्षा में 32 प्रश्न, जुलाई 2022 में हुई



एक परीक्षा के पेपर से हु-ब-हू कॉपी कर लिए। इससे पहले वेटरनरी भर्ती में भी साल 2017 की महाराष्ट्र में हुई एक भर्ती परीक्षा के 24 प्रश्न कॉपी किए गए थे। इससे पहले एचसीएस की भर्ती करने वाली एचपीएससी के डिप्टी सेकेटरी 1 करोड़ की रिश्वत के साथ अपने दफ्तर में ही पकड़े गए थे। लेकिन उस मामले की जांच का भी कुछ अता-पता नहीं है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झेल रहे प्रदेश के युवाओं पर भी सरकार को तरस नहीं आ रहा। इसलिए वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। कांग्रेस ने विधानसभा सदन से लेकर सड़क तक बार-बार भर्ती घोटालों की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और एचपीएससी को भंग करने की मांग उठाई। लेकिन दोषियों को बचाने के लिए कांग्रेस की मांग को सरकार ने नजरअंदाज कर दिया। इसी का नतीजा एचसीएस भर्ती घपला है। हुड्डा आज

**8 पार्टी कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हुए हरियाणा को विकास के मामले में देश का नंबर वन राज्य बनाएगी**

मशहूर रागिनी गायक पाले राम दहिया के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने पाले राम दहिया को श्रद्धांजलि दी व परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. पुरुषोत्तम शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि पर लगाए गए रक्तदान शिविर में भी हुड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने पुरुषोत्तम शर्मा को फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हुड्डा मेयर निखिल मदान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इससे पहले पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए हुड्डा ने कहा कि पूरा प्रदेश आज बीजेपी-जेजेपी की विफलताओं का दंश झेल रहा है। यही वजह है कि लोग मुख्यमंत्री तक के कार्यक्रमों में अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। लेकिन जनता की नाराजगी को दूर करने की बजाए, सरकार उसकी आवाज को दबाने में लगी है। लगभग 9 साल के कुशासन को देखकर अब जनता के सब्र का बांध टूट रहा है और वो इस सरकार को बदलने के लिए आतुर है। कांग्रेस को मिल रहे जबरदस्त जनसमर्थन से स्पष्ट है कि इस बार पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनते ही कांग्रेस अपने वायदों को पूरा करने के मिशन पर जुट जाएगी। कांग्रेस ने पहले भी हरियाणा को एक कल्याणकारी और विकसित राज्य के रूप में आगे बढ़ाया था और भविष्य में भी पार्टी कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हुए हरियाणा को विकास के मामले में देश का नंबर वन राज्य बनाएगी।

# निर्यात के ऑर्डर कम होने पर पानीपत की धागा मिलों में घटा धागे का उत्पादन

## जिला की करीब 60 धागा मिलों में पहले रोजाना होता था 900 टन धागे का उत्पादन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/बिजेंद्र सिंह)**
**अमेरिका सहित** विश्वभर में चल रही है मंदी का असर पानीपत से होने वाले टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यात पर पड़ा है। पानीपत से पूरे भारत में भेजे जाने वाले उत्पादों पर भी मंदी का मार पड़ी है। निर्यात के ऑर्डर कम होने और घरेलू कारोबार में भी मंदी होने से पानीपत की धागा मिलों में बनने वाले धागे का उत्पादन घट गया है। पहले यहां की करीब 60 धागा मिलों में रोजाना 900 टन धागे का उत्पादन होता था और अब उत्पादन घटकर करीब 60 फीसदी रह गया है। यहां की धागा मिलों में बनने वाले अलग-अलग काउंट के धागे का भाव भी 10-15 फीसदी कम हुआ है। हालांकि पानीपत में पिछले करीब एक वर्ष में धागा मिलों की संख्या तो बढ़ी है पर धागे का उत्पादन नहीं बढ पाया है। बता दे कि पानीपत में बनने वाले धागे में से करीब 80 फीसदी धागे की तो पानीपत व देश में विभिन्न राज्यों में खपत है और करीब 20 फीसदी धागे का निर्यात भी होता है। पानीपत से धागा महाराष्ट्र के कोल्हापुर, सोल्हापुर व भिवंडी, राजस्थान के किशनगढ़, यूपी के मुरादनगर,मेरठ व भदोही, एमपी के उज्जैन, पंजाब के लुधियाना, बिहार के मोतीहारी व गया और गुजरात के अहमदाबाद आदि में भेजा जाता है। लेकिन निर्यात व घरेलू कारोबार में मंदी के चलते धागे की डिमांड कम हुई है और इसी वजह से धागा मिलों में धागे के उत्पादन को कम कर दिया गया है।

**पानीपत बन चुका है धागा उत्पादन में प्रमुख हब, सरकार धागा मिलों को दे प्रोत्साहनः राकेश मुंजाल**

पानीपत के धागा मिल मालिक राकेश मुंजाल ने बताया कि निर्यात के ऑर्डर कम होने और घरेलू कारोबार में भी मंदी के चलते धागा मिल संचालकों को मजबूरन अपने उत्पादन को कम करना पड़ा है। धागे की डिमांड कम होने से प्रति किलो भाव भी 10-15 प्रतिशत कम हुए है। मुंजाल ने कहा कि पानीपत धागा उत्पादन में प्रमुख हब बन चुका है और सरकार को भी यहां के धागा मिल संचालकों को प्रोत्साहन देना चाहिये। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गुजरात सरकार द्वारा जिस तरह से टेक्सटाइल इंडस्ट्री को प्रोत्साहन दिया जाता है, उसी तर्ज पर हरियाणा सरकार को भी प्रोत्साहन देना चाहिये।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी सेवाओं को लेकर हेल्पलाइन नंबर 0172-3968400 पर कर सकते है अपनी अपील:शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि खुशहाल हरियाणा-समृद्ध हरियाणा थीम के साथ वर्तमान हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर सुशासन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा व उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए ऑटो अपील सिस्टम सॉफ्टवेयर (आस) व हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है। अब आम नागरिक हेल्पलाइन नंबर 0172-3968400 डायल करके भी अपनी अपील दर्ज करवा सकते है। डीसी शांतनु शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए आस पोर्टल से अगर किसी व्यक्ति का कार्य राइट टू सर्विस एक्ट के तहत निर्धारित समय सीमा में नहीं होने पर ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के तहत आवेदन अपीलेट अथॉरिटी में चला जाएगा। अपीलेट अथॉरिटी के दायरे में भी काम नहीं होने पर आवेदन आगे वरिष्ठ अधिकारी के पास चला जाएगा। अगर इन दोनों स्तरों पर भी कार्य का निपटान नहीं होगा तो आवेदन स्वयं ही राइट टू सर्विस कमीशन के पास आ जाएगा। यह कदम सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक कार्यशैली को जवाबदेह, पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के मद्देनजर उठाया है। आमजन हेल्पलाइन नंबर 0172-3968400 डायल करके भी अपनी अपील दर्ज करवा सकते है।

### नगर परिषद में रेहड़ी फड़ी वालो के बनाए जा रहे है लाइसेंस



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी के नगर परिषद कार्यालय में रेहड़ी फड़ी वालों के लिए लाइसेंस बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते आज एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनेक रेहड़ी फड़ी वालों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना काफी बेहतर है।

जानकारी देते हुए नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि रेहड़ी फड़ी वालों को जागरूक किया जा रहा है यहां तक की विभिन्न स्थानों पर जाकर रेहड़ी फड़ी वालों को बताया जा रहा है कि नगर परिषद द्वारा लाइसेंस बनाए जा रहे है जो पूरी तरह से निशुल्क है। इसके लिए आवेदनकर्ता को आधार कार्ड, बैक पास बुक की कॉपी व एक फैमिली आई डी अनिवार्य है। मौके पर ही लाइसेंस बनाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि रेहड़ी फड़ी वालों को जागरूक किया जा रहा है कि वह जल्द ही अपना लाइसेंस बनवाए और पीएम सवनीधि योजना का लाभ उठाए। इस योजना के तहत उन्हें ऋण आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि यदि रेहड़ी फड़ी वाला कोई लाइसेंस नहीं बनवाएंगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क हादसे में सोंटा का महेंद्र घायल

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**शहर के** निकटवर्ती गांव मटहेड़ी शेखा में हुए सड़क हादसे में सोंटा निवासी महेन्द्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे शहर सिविल अस्पताल लाया गया। घायल के परिजनों नें बताया कि वह राज मिस्तरी का काम करता है वह अपने काम से वापिस आ रहा था तभी तेज रफतार मोटरसाईकिल ने उसे टक्कर दे मारी। हादसे के तुरंत बाद लोगों को भीड़ इक्कठी हो गई। तुरंत उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

### चोरी के मोबाइल सहित युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी जीआरपी ने एस आई निदेश कुमार सीआईबी डीडब्लयू टीम आरपीएफ अंबाला मण्डल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह रेलवे स्टेशन इंक्वायरी ऑफिस सामने तैनात था तभी बलविन्द्र उर्फ हन्नी निवासी कुरूक्षेत्र उसे देखकर दौड़ने लगा। पुलिस कर्मी ने उसे पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से ओपो कम्पनी का चोरी का मोबाइल बरामद हुआ।

# डीएससी रिजर्वेशन को नौकरियों में लागू कर अपना वायदा निभाए भाजपा सरकार: देवीदास

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
**डीएससी रिजर्वेशन** को शिक्षा में दाखिलों की तर्ज पर नौकरियों में भी लागू करवाने के लिए प्रदेश के अलग– अलग जिलों में लगातार वंचित अनुसूचित जातियों के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि सरकार तक इसकी आवाज पहुंचाई जा सके। जिसमें मुद्दा एक ही है कि किस तरह से डीएससी रिजर्वेशन को शिक्षा में दाखिलों की तर्ज पर नौकरियों में भी डीएससी रिजर्वेशन को जल्द से जल्द लागू किया जाए । इसी कड़ी में 28 मई को पानीपत में आयोजित होने वाले वंचित अनुसूचित जातियों के सकंल्प



सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को पानीपत में वंचित अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधि स्काई लार्क में एकत्रित हुए। उन्होंने प्रदेश सरकार को अपने घोषणा पत्र में डीएससी समाज के लोगों को सरकारी नौकरियों में रिजर्वेशन देने का वायदा याद दिलाते हुए देवीदास ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री इस वायदे को जल्द पुरा करे, ताकि वंचित अनुसूचित जातियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते भाजपा सरकार डीएससी रिजर्वेशन को नौकरियों में लागू कर देती है, तो निश्चित रूप से वंचित अनुसूचित समाज की सभी जातियां सरकार के प्रति निष्ठावान रहेगी और सरकार को आने वाले समय में इन सभी जातियों का समर्थन भी प्राप्त होगा। वहीं रोशन लाल बिड़लान ने 28 मई को पानीपत मॉडल टाउन में आयोजित समस्त वंचित अनुसूचित जातियों के सकंल्प सम्मेलन में लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपनी की। इस अवसर पर मुकेश कुमार, डॉ विजय कुमार, रोशन लाल बिड़लान, शलीम, जयकिशन, मोगा,संजय काबड़ी, सेठपाल महमदपुर, सतपाल सिंह, मंगत राम, सुभाष व नरेश तुषामड़ सहित वंचित अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कैच द रेन पर प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नेहरू** युवा केंद्र सोनीपत के तत्वाधान में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत के प्रांगण में जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत कैच द रेन विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में परी ने प्रथम स्थान खुशी द्वितीय स्थान साबिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संचालक विनोद ने विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही युवाओं को कैच द रेन के माध्यम से जल संचित करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही बच्चों को शपथ दिलाई के जल बचाने के लिए औरों को जागरूक करेंगे और स्वयं प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र से आए सुरेंद्र शर्मा ने की उन्होंने भी बच्चों को जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया के मार्गदर्शन से जल संरक्षण के कार्यक्रमों का आयोजन पूरे सोनीपत जिले में किया जा रहा है।

इस मौके पर हरी झंडी दिखाकर एक रैली निकलवाई। कार्यक्रम में मार्गदर्शन स्कूल प्राचार्य सरिता दहिया ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका सुलक्ष्णा मंजू शर्मा भारती एच ऑ डी सीमा चौहान आदि का विशेष योगदान रहा।

## नई राह संस्था द्वारा काबड़ी रोड जवाहर नगर में बनाया नैनो जंगल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**करनाल लोकसभा** क्षेत्र सांसद संजय भाटिया व शहरी विधायक प्रमोद विज के कर कमलों से एक पिकउप वाहन, जिसमे 3000 '३१ पानी का टैंक लगा है उसका रिबन खोल कर पौधों को पानी देने की सुविधा का आरंभ किया गया। पौधे तो सब लगा देते है परंतु बाद मै उनकी देखभाल व उनके रखरखाव की दिक्कत को देखते हुए, ये पिकउप वाहन नई राह के सदस्यों के सहयोग से शुरू की गई है। इस अवसर पर 300 पौधे जिसमे पीपल, बरगद, गुलमोहर,शीशम, टीक, चांदनी, आंवला और अमरूद के



लगाए गए पहला पौधा सांसद सजंय भाटिया व शहरी विधायक प्रमोद विज के हाथों से लगवाया गया।, इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया ने नई राह संस्था का धन्यवाद किया और कहा प्रदूषण के खिलाफ एक युद्ध आप लोग लड़ रहे हो, जिसमे आपका समय भी लगता है और पैसा भी, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए हमें ये प्रयास जारी रखने होंगे, और उसके ब्रांड एम्बेसडर बन कर इस कार्य को पूर्ण निष्ठा से करना, आज जो पौधे आप लगाओगे वो 20 साल बाद पूर्ण पेड़ बनेंगे।

## सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम वरुण की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी** के सेना क्षेत्र में बीती रात वाहन की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चा अपनी मां के साथ साइकिल पर सैर करने निकला था।बिहार के गांव बैगरां जिला मधुबनी निवासी कविता ने बताया कि वह परिवार के साथ पिछले 5 साल से अंबाला कैंट आर्मी एरिया में स्विमिंग पुल के पास कोठी नंबर-36 में किराए पर रह रही हैं। उसने बताया कि बीती शाम उसका 3 साल का बेटा वरुण साइकिल लेकर सड़क पर आया था।

# आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के परिसर में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के परिसर में एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया । शिविर के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र जागलान ने रिबन काटकर इस शिविर का उद्घाटन किया । शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने की । इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकों, छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई और रोग के अनुसार आयुर्वेदिक दवाई लेने की सलाह



दी गई । शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र जागलान ने कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया को ही माना गया है । और जो व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान नहीं रहते वो कभी भी ऊंचाइयों को नहीं छू सकते । इसीलिए समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं और स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऐसे शिविर का आयोजन किया जाता है । उन्होंने कहा कि यूं तो सभी आर्य शिक्षण संस्थाओं में प्रातः कालीन सभा में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया जाता है लेकिन चिकित्सय जांच का अपना अलग महत्व होता है । उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति और अधिक प्रेरित करें । इस मौके पर संजीवनी आयुर्वैदिक क्लिनिक डॉक्टर राजगुरु ने कहा कि उनकी संस्था की ओर से सभी आर्य शिक्षण संस्थाओं में जाकर ऐसे शिविर लगाए जाएंगे और इन शिविरों के माध्यम से वैदिक संस्कृति और आयुर्वेद के प्रति अध्यापकों अभिभावकों और छात्रों को प्रेरित किया जाएगा ।

## लाखों की डोडापोस्त सहित करनाल का ट्रक चालक कुलविंद्र गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला पुलिस ने** नशा तस्करों के खिलाफ शिकंजा कस्ते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। राजस्थान की ओर से आ रहे एक ट्रक से भारी मात्रा में डोडापोस्त बरामद कि है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि इंचार्ज विनोद व उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई कि। उन्होनें बताया कि अम्बाला के नग्गल क्षेत्र में नाकाबंदी करते हुए ट्रक को रोका गया तथा इस दौरान ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक से 3 क्विटंल 40 किलो डोडापोस्त बरमाद किया गया । आरोपी की पहचान कुलविंद्र निवासी करनाल के तौर पर हुई है। पुलिस आरोपी का रिमांड लेते हुए यह पता लगाएगी कि आरोपी नशा कहां से लाया था और किन लोगो को सप्लाई करने जा रहा था ।

वहीं पुलिस का यह भी कहना है कि इस मामले में अभी और भी कई गिरफतारियां भी हो सकती है। यह भी बताया जा रहा है कि आरोपी से बरामद किये गए डोडा पोस्त की कीमत 17 लाख रूपए है। आरोपी ट्रक में अन्य बोरों के साथ यह नशीला पदार्थ छुपाकर ला रहा था। एसपी ने बताया कि उक्त व्यक्ति के नाम पर यह ट्रक नहीं है। जिस व्यक्ति के नाम पर ट्रक है। उससे भी पूछताछ कि जाएगी। यदि उसकी भी कोई संल्पिता पाई गई तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई कि जाएगी। पुलिस ने लोगो से भी अपील करते हुए कहा है कि वह नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों से सावधान रहें । यदि उनके क्षेत्र में कोई नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अधिक्षक ने कहा कि नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने बताया कि आरोपी ड्राइवर की पहचान करनाल के गांव जलमाना निवासी कुलविंदर के रूप में हुई। ट्रक किसी अन्य व्यक्ति के नाम है। आरोपी राजस्थान, मध्यप्रदेश से डोडापोस्त खरीदकर लाता था। इसके खिलाफ नग्गल थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस गहन पूछताछ के लिए आरोपी को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी।

# सरकार की नीति के खिलाफ सक्षम युवाओं ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
अम्बाला छावनी के गांधी पार्क मे सक्षम युवा एक बार फिर से इकट्ठे हुए। उन्होनें एक बार फिर से प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि सक्षम युवाओं के साथ भेदभाव की निति अपना रही है। उन्होनें कहा कि जिसके चलते विभिन्न विभागों में सक्षम युवाओं की मांग पहले की तरह नहीं कि जा रही है। हरियाणा सक्षम युवा राज्य प्रधान मुकेश कहानगढ ने कहा कि सक्षम योजना में लगे सक्षम युवाओं पर 3 वर्ष व 35 वर्ष के बंधन को हटाया जाए। इसके बाद इन युवाओं ने नारेबाजी कि और वह गृह मंत्री अनिल



विज के निवास स्थान शास्त्री कॉलोनी के लिए रवाना हुए। युवाओं में सरकार के प्रति गहरा रोष था। युवाओं ने बताया कि सक्षम युवा हाईक्वालीफाइड है। सरकार ने जिस समय यह योजना बनाई थी तब सक्षम युवाओं ने इस योजना का स्वागत किया था। एक नवंबर 2016 को शिक्षित युवा सम्मानित योजना का प्रदेश के युवाओं ने स्वागत किया था।

हरियाणा के लाखों हाईक्वालीफाइड युवाओं को इस योजना के तहत लगाया गया था तथा तीन वर्ष का रोजगार देने के उपरांत 35 वर्ष की आयु होने पर इन युवाओं को मात्र 6 हजार रूपए का वेतन दिया जाता है। जिससे परिवार का खर्चा भी बड़ी मुश्किल से चलता है। वेतन रोजगार विभाग द्वारा दिया जाता था। लेकिन अब 75 प्रतिशत वेतन संबंधित विभाग देगा तथा 25 प्रतिशत वेतन रोजगार विभाग देगा। जिस कारण सभी विभागों ने इस योजना से किनारा करना शुरू कर दिया है। सक्षम युवाओं की वर्क बारे डिमांड नहीं भेजी जा रही है। सक्षम युवाओं ने कहा कि वह अपनी समस्या को लेकर कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगा चुके है।

## इंग्लिश स्पीकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आई.बी.एल** पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय प्रशासन के अनुरोध पर इंग्लिश स्पीकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप जाने माने प्रमार्शकर्ता , ढउउ के निदेशक राजीव परूथी के द्वारा संचालित किया गया है। यह वर्कशॉप आई बी एल पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व और अंग्रेजी शब्दावली का विकास करना है। इस वर्कशॉप के माध्यम से शिक्षकों को विभिन्न इंग्लिश स्पीकिंग कौशलों, संचार के महत्वपूर्ण सिद्धांतों और उन्नत शिक्षण तकनीकों की प्रशिक्षण प्रदान की गई है। इस वर्कशॉप का आयोजन इंग्लिश भाषा को बेहतरीन तरीके से सिखाने और बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जिससे कि छात्रों को सही उच्चारण, स्पष्टता, और व्याकरणिक योग्यता के साथ अंग्रेजी के क्षेत्र में मजबूत आधार स्थापित हो सके। इस महत्वपूर्ण अवसर पर क्इछ पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या जय श्री गर्ग ने कहा कि इस वर्कशॉप के माध्यम से, आई बी एल पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों और माध्यमों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# कानपुर में निवेश की ढेरों संभानाएं: योगी

## अब वह दिन नहीं है कि कोई आपको परेशान करेगा और पूरे मन से निवेश कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं: सीएम योगी

**सौगात**

**कानपुरवासियों को परियोजनाओं का लाभ मिलने जा रहा है और अब कानपुर पूरी तरह से एयर कनेक्टिविटी से जुड़ गया**

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**औद्योगिक** नगरी कानपुर में निवेश की ढेरों संभावनाएं हैं और हर क्षेत्र में निवेशक निवेश कर रहे हैं। यहां के निवेशकों से अपील है कि उत्तर प्रदेश में कहीं भी किसी प्रकार उद्यम खड़ा करके निवेश करें। निवेश से आपका रुपया भी सुरक्षित रहेगा और लाभ भी मिलेगा। अब वह दिन नहीं है कि कोई आपको परेशान करेगा और पूरे मन से निवेश कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं। अब तो कानपुर एयर कनेक्टिविटी से भी पूरी तरह से जुड़ गया है जिससे





विकास को पंख लग सकेंगे। यह बातें शुक्रवार को कानपुर एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का शुभारंभ करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर में हवाई सेवा तो शुरू की गई थी लेकिन यहां की आबादी या लोगों की आवाजाही को लेकर कोई स्पष्ट योजना नहीं थी। इससे यहां के लोगों को एयर कनेक्टिविटी का लाभ नहीं मिल पाता था जो विकास में बाधा बन रहा था। आज कानपुरवासियों को चार सौ करोड़ की परियोजनाओं का लाभ मिलने जा रहा है और अब कानपुर पूरी तरह से एयर कनेक्टिविटी से जुड़ गया। इससे निवेश के जरिये उत्तर प्रदेश के विकास में गति देने वालों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा। कानपुरवासियों को अब विकास को लेकर घबराने की जरुरत नहीं है आपने शहर में भी भाजपा की सरकार बना दी। प्रदेश और देश में भी भाजपा की सरकार है। इस ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास भी तीन गुना की वृद्धि दर से होगी। निवेश को लेकर फरवरी 2023 में लखनऊ से शुरू हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का दायरा लगातार बढ़ रहा है। विदेशों से निवेशक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं और हमारे मंत्रिमण्डल के सदस्य विदेशों का दौरा कर विकास को गति दे रहे हैं। आज ही जर्मनी में उत्तर प्रदेश के दो मंत्री रोड शो कर रहे हैं और आस्ट्रेलिया में भी मंत्री दौरे पर हैं। हालांकि आस्ट्रेलिया का एक प्रतिनिधिमण्डल भी लखनऊ में निवेश को लेकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री अपने संबोधन में कानपुरवासियों को उनकी क्षमताओं को याद दिलाते हुए अपील किया कि औद्योगिक नगरी कानपुर में निवेश की ढेरों संभावनाएं हैं। यहां निवेशक भी हैं

### 'भारत और उत्तर प्रदेश में लोगों को हर संभव मदद मिली'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना काल में हमने देखा है कि जिन विकसित देशों में संसाधनों की कोई कमी नहीं रही उनके यहां के लोग हताश और परेशान दिखे। वहीं भारत और उत्तर प्रदेश में लोगों को हर संभव मदद मिली, क्योंकि यहां पर टीम वर्क से इस महामारी से लड़ा गया। अगर कानपुर की बात करें तो यहां के 78 हजार पटरी व रेहड़ी दुकानदारों को ब्याज मुक्त लोन दिया गया जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके।

### 'मेधावी उत्तर प्रदेश के विकास में सहायक बन रहे'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकारी नौकरियों में बिना भेदभाव के योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। पारदर्शी परीक्षाओं से मेधावी उत्तर प्रदेश के विकास में सहायक बन रहे हैं। पहले की सरकारों में निर्णय लेने की क्षमता नहीं थी और अब उत्तर प्रदेश में कानून का राज कायम है।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम ने कालाढूंगी रोड से मुखानी तक हटाया अतिक्रमण

**हल्द्वानी:** अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का अभियान शुक्रवार को भी चला। कालाढूंगी रोड से मुखानी तक चलाये गये अभियान के दौरान तमाम दुकानदारों का सामान जब्त करने के साथ ही चालान काटे गये। इस दौरान अतिक्रमणकारियों की टीम के साथ नोकझोंक भी हुई। सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से चलाए गये अभियान में निगम के पांच कर्मचारी शामिल थे। एक-दो चालान निगम कर्मियों ने काटे, शेष के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की। पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को भी कब्जे में लिया है।

### योग और हमारा दैनिक जीवन" विषय पर वेबिनार आयोजित

**रायपुर:** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) प्रादेशिक कार्यालय रायपुर व पत्र सूचना कार्यालय रायपुर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के काउंटडाउन के तहत शुक्रवार को योग और हमारा दैनिक जीवन विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार के मुख्य वक्ता भारतीय योग संस्थान के रायपुर जिला प्रमुख मुकेश कुमार सोनी ने योग के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से बचाव के लिए प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और अन्य आसन के उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग कोई व्यायाम नहीं है बल्कि एक दर्शन और जीवन जीने का तरीका है। इसलिए सभी को इसे अपनी जिंदगी का अहम पहलू बनाना चाहिए। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों को करके इनके बारे में बारीकी से समझाया। मुकेश कुमार के मुताबिक रोजाना योगाभ्यास करने वाले लोग आम लोगों की तुलना में कम बीमार होते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति रोजाना बस दस मिनट प्राणायाम करता है तो उसका किसी भी बीमारी की चपेट में आना बहुत मुश्किल है।

### डीएम के निर्देश पर खनन विभाग की आठ भटटों पर छापेमारी तीन मशीनें पकड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/बागपत**
बागपत जिले में बिना रायल्टी जमा किये भटटे पर चल रहे खनन पर विभागीय कारवाई की गयी है। डीएम के निर्देश पर खनन अधिकारी ने चांदीनगर थाना क्षेत्र के भटटों से तीन मशींने पकडकर बंद कर दी है और भटटों को रायल्टी जमा करने के निर्देश दिये हैं। खनन विभाग की मिलीभगत से चलाए जा रहे अवैध खनन पर डीएम ने खनन विभाग को खरी खोटी सुनाई है। जिले में सैंकड़ों की संख्या में बिना रायल्टी जमा किये चलाए जा रहे ईंट भटटों पर कारवाई के निर्देश दिये। खनन अधिकारी हवलदार सिंह ने शुक्रवार को चांदीनगर थाना क्षेत्र के आठ ईंट भटटों पर छापामारी करते हुए तीन जेसीबी मशीनों को खनन करते पकड़ा। सभी मशीनों को चांदीनगर थाने पर बंद कर दिया गया हैं इसके साथ ही तीन ट्रेक्टर भी खनन में बंद किये गये है। खनन अधिकारी का कहना है कि जब तक सभी ईंट भटटे रायल्टी जमा नहीं कर देते छापामारी जारी रहेगी। खनन अधिकारी हवलदान सिंह ने सभी ईंट भटटों को रायल्टी जमा करने के निर्देश दिये है।
बताया कि सभी रायल्टी आनलाईन जमा की जा रही ह। सभी ईंट भटटा निर्माताओं को जल्द से जल्द रायल्टी जमा कर विभागीय कारवाई से बचने की अपील की है।

## 'सिंधिया परिवार का मैनपुरी से पुराना नाता'



**टीम एक्शन इंडिया/मैनपुरी**
**मैनपुरी** की धरती पर आकर आज मैं बहुत भाव विभोर हूं। जहां एक तरफ भावुकता का वातावरण है वहीं आज का दिन गौरवशाली महसूस कर रहा हूं। यह बातें सिंधिया तिराहा पर स्व. माधवराव सिंधिया की मूर्ति का अनावरण के अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कही। उन्होंने आगे कहा कि मैनपुरी में उपस्थित होकर मेरा दिल और मेरा मन इतिहास के पन्नों पर रेखांकित होता है। इस मैनपुरी से मेरा 10 या 20 साल का सम्बंध नहीं है। यहां से सिंधिया परिवार का ढाई सौ वर्ष पुराना सम्बंध रहा है। एक समय रहा है इतिहास के कालखंड में जब इस भारत माता की धरती पर विदेशी ताकतें पैर पसार रही थीं, उस जमाने में जब रोहिला अफगान इस क्षेत्र पर अत्याचार करने की मुहिम के

**इतिहास के कालखंड**

**क मैनपुरी में उपस्थित होकर मेरा दिल और मेरा मन इतिहास के पन्नों पर रेखांकित होता है : सिंधिया**

साथ निकले थे। मेरे पूर्वज दत्ताजी महाराज सिंधिया ने इस पूरे क्षेत्र में भारत माता की एकता और अखण्ड बनाए रखने के लिए उन रोहिला अफगानों को उखाड़कर फेंकने का काम किया था। ये 1770 की बात कर रहा हूं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केवल इस मैनपुरी इलाके से ही नहीं एटा, इटावा, बदायूं, नजीमाबाद तक उन रोहिला अफगानों को उखाड़ने के लिए सिंधिया परिवार ने इस माटी से किया था। इसलिए इस माटी के साथ सम्बंध सिंधिया परिवार के दो महालोगों के साथ रहा है। एक माधव महादजी सिंधिया के रुप में और दूसरा मेरे पूज्य पिता माधवराज सिंधिया का है।



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए।

## मोबाइल के लिए डैम का 21 लाख लीटर पानी बहाया

**टीम एक्शन इंडिया/कांकेर**
**छत्तीसगढ़ के** कांकेर में एक अफसर ने डेढ़ लाख रुपए के मोबाइल के लिए डैम का 21 लाख लीटर पानी बहा दिया। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने शुक्रवार को उसे निलंबित कर दिया। उधर, जल संसाधन विभाग के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इनसे 24 घंटे में जवाब मांगा है। यह मामला 21 मई का है। फूड इंस्पेक्टर राजेश विश्वास दोस्तों के साथ परलकोट बांध गए थे। पार्टी करने के दौरान उनका डेढ़ लाख रुपए का मोबाइल पानी में जा गिरा। अगले दिन सुबह आसपास के ग्रामीणों और गोताखोर से मोबाइल की खोज कराई गई, जब नहीं खोज पाए तो 4 दिनों तक पंप के जरिए डैम का पानी बहाया गया। इससे डेढ़ हजार एकड़ खेत की सिंचाई हो सकती थी। इस पूरी मशक्कत के बाद राजेश को मोबाइल मिल गया।

**डैम में 10 फीट पानी भरा था, जो 4 फीट पर आ गयाः**
शिकायत के बाद सिंचाई अफसर मौके पर पहुंचे और पानी निकालना बंद करवाया, लेकिन तब तक 6 फीट पानी निकल चुका था। यह तकरीबन 21 लाख लीटर होता है।

## होटल में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया/जौनपुर**
नगर कोतवाली थाना अंतर्गत अतिव्यस्ततम इलाके में ओलन्दगंज में होटल गौतम बुद्ध में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का जिला प्रशासन और पुलिस टीम ने शुक्रवार को छापा मारकर पदार्फाश किया है । मौके से कई युवक युवतियों को गिरफ्तार किया है। इस क्रम में होटल मैनेजर महेंद्र कुमार निवासी धमार्पुर व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। दिनदहाड़े हुई इस कार्रवाई से अनैतिक कार्य में लिप्त होटल संचालकों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## गठबंधन सरकार ने लोगों से फरेब किया: अभय

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा गठबंधन सरकार ने विकास की बजाय जनता से फरेब किया है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस से और अब भाजपा गठबंधन से जनता निराश हो चुकी है और यही कारण है कि जनता अब खुलकर इनेलो का साथ दे रही है। वे शुक्रवार को परिवर्तन पदयात्रा के तहत जिला के बरवाला विधानसभा के गांव खोखा, नियाना, मिर्जापुर से सुलखनी तक ग्रामीणों से बातचीत



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एक नया तुगलकी फरमान और जारी कर रखा है, जिसका बैंक में खाता है उसे अपने आधार कार्ड के साथ पैन कार्ड को लिंक करवाना पड़ेगा। पैन कार्ड तो उन लोगों का बनता है जो टैक्स भरते हैं, जो उद्योगपति कहलाते हैं और जिनकी फैक्ट्रियां चलती हैं या फिर जो नौकरियां करते हैं जिनकी आय टैक्स के दायरे में

**समरसता की भावना**


**सामूहिक विवाह से मानवता की सेवा को सर्वोपरि रखकर एक मिसाल कायम की गई**

## निशुल्क विवाह सम्मेलन मानवता की मिसाल: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/बारां/जयपुर**
**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि सामूहिक विवाह के आयोजन से नवदम्पतियों को सम्बल मिलता है और सामाजिक समरसता की भावना भी सुदृढ़ होती है। ये ही हमारे देश की मूल पहचान है। बारां में सभी धर्मां के 2222 जोड़ों का सामूहिक विवाह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है। समाज के विभिन्न वर्गों के युवक-युवतियों के सामूहिक विवाह से मानवता की सेवा को सर्वोपरि रखकर एक मिसाल कायम की गई है। गहलोत शुक्रवार को श्री महावीर गौशाला कल्याण संस्थान के सर्वधर्म निशुल्क सामूहिक



विवाह सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा एवं अनेकता में एकता हमारे महापुरुषों की शिक्षाओं के साथ-साथ संविधान की मूल भावनाएं भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वधर्म निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी धर्मां के 2222 जोड़ों का विधि विधान से विवाह सम्पन्न करवाया गया। इनमें 2111 हिन्दू समाज एवं 111 मुस्लिम समाज के जोड़े शामिल थे। नवदम्पतियों को भामाशाहों के सहयोग से जीवनयापन के लिए मूलभूत आवश्यकता वाली वस्तुएं भी प्रदान की गई। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अपने कार्यक्रमों और नीतियों से सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन दे रही है। राज्य में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना जैसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जन सहभागिता से इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राणी मात्र का कल्याण राज्य सरकार का ध्येय है।



MARUTi
nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546